रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 67] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 23, 2015/चैत्र 2, 1937
No. 67] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 23, 2015/CHAITRA 2, 1937

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 मार्च, 2015

(अंतिम जांच-परिणाम)

विषय : कोरिया आरपी और थाईलैंड मूल के अथवा वहां से निर्यात एक्रिलिक फाइबर के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा के संबंध में

क. मामले की पृष्ठभूमि

फा. सं. 15/16/2013-डीजीएडी.—यत:, समय-समय पर संशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) तथा सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात पाटनरोधी नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए, निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी कहा गया है) ने यूएसए, थाईलैंड और कोरिया आरपी के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एक्रिलिक फाइबर (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों के बारे में मूल पाटनरोधी जांच दिनांक 13.09.1996 को शुरू की थी और दिनांक 14.10.1997 की अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं. 47/एडीडी/1डब्ल्यू के तहत निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने की सिफारिश की थी। केंद्रीय सरकार ने इस पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किया था। यूएसए, थाईलैंड और कोरिया आरपी के मूल के अथवा वहां से निर्यातित वस्तु पर पाटनरोधी की निर्णायन समीक्षा जांच प्राधिकारी द्वारा दिनांक 07.08.2001 की अधिसूचना सं. 26/1/2001-डीजीएडी के तहत प्रारंभ की थी और अंतिम जांच-परिणाम दिनांक 06.08.2002 की अधिसूचना सं. 26/1/2001-डीजीएडी के तहत जारी किया गया था। यूएसए, थाईलैंड और कोरिया आरपी के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण दिनांक 09.10.2002 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 106/2002 के तहत किया गया था। थाईलैंड और कोरिया आरपी के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध

वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की प्राधिकारी द्वारा द्वितीय निर्णायक समीक्षा दिनांक 08.10.2007 की अधिसूचना सं. 10/7/2006-डीजीएडी के तहत शुरू की गई थी और प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने की सिफारिश करते हुए अंतिम जांच परिणाम दिनांक 03.10.2008 की अधिसूचना सं. 10/07/2006-डीजीएडी के तहत जारी की गई थी। थाईलैंड और कोरिया आरपी से आयातित संबद्ध वस्तु पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण दिनांक 20.11.2008 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 123/2008 के तहत किया गया था ।

2. यत:, अधिनियम एवं नियमावली के अनुसार, पाटनरोधी शुल्क, यदि उसका पहले प्रतिसंहरण नहीं कर दिया गया तो ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्ष की समाप्ति के पश्चात निष्प्रभावी हो जाएगा ।

3. और उपर्युक्त प्रावधान के होते हुए भी, प्राधिकारी को ऐसे साधन की समाप्ति की तारीख से तर्कसंगत अवधि के अंतर्गत घरेलू उद्योग की ओर से या घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विधिवत साक्ष्यांकित अनुरोध के आधार पर समीक्षा करना अपेक्षित होता है कि क्या इस शुल्क की समाप्ति से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है ।

4. और, यत:, उपर्युक्त प्रावधानों के निबंधनों के अनुसार घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले मैसर्स इंडियन एक्रिलिक्स लिमिटेड; मैसर्स वर्धमान एक्रिलिक्स लिमिटेड और मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड (जिन्हें एतद्पश्चात आवेदक कहा गया है) ने थाईलैंड और कोरिया आरपी (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एक्रिलिक फाइबर के आयातों पर पहले से अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की एक अन्य निर्णायक समीक्षा करने के लिए अनुरोध करते हुए तथा संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता की मांग करते हुए विधिवत साक्ष्यांकित एक आवेदनपत्र दायर किया है। यह अनुरोध इस आधार पर आधारित है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण होने के बावजूद पाटन की निरंतरता बनी हुई है और घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से पाटन के कारण निरंतर क्षति हो रही है क्योंकि पाटनरोधी शुल्क का स्वरूप एवं प्रमात्रा अपर्याप्त है। आवेदकों ने पुन: यह तर्क दिया है कि संबद्ध देशों के विरूद्ध इस साधन की समाप्ति से घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है ।

5. और, प्राधिकारी, आवेदकों द्वारा दिए गए प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर संबद्ध देशों से पाटन को समाप्त करने के लिए उक्त शुल्क की निरंतरता बनाए रखने की जरूरत की जांच करने और यह जांच करने के लिए कि क्या उस शुल्क को समाप्त करने या उसमें परिवर्तन करने या दोनों ही करने से घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, दिनांक 24.09.2013 की जांच शुरूआत अधिसूचना सं.15/16/2013-डीजीएडी के तहत निर्णायक समीक्षा की कार्रवाई शुरू करना आवश्यक समझते हैं ।

6. संबद्ध जांच प्रारंभ करने के पश्चात केंद्रीय सरकार ने संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर प्रभावी शुल्क को दिनांक 19.11.2014 तक बढ़ाते हुए दिनांक 08.11.2013 को एक अधिसूचना संख्या 27/2013-सीमाशुल्क (एडीडी) जारी की ।

7. वर्तमान जांच के दायरे में, संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों से संबंधित विगत जांच के सभी पहलू शामिल होंगे।

ख. प्रक्रिया

8. इस जांच में निम्नलिखित वर्णित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया :

(i) प्राधिकारी में पाटनरोधी नियमावली के अनुसार जांच की कार्रवाई प्रारंभ करने से पहले संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन का आरोप लगाते हुए एक आवेदन पत्र की प्राप्ति के सबंध में भारत में संबद्ध देश के राजदूतावासों को अधिसूचित किया ।

(ii) प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जांच प्रारंभ करते हुए दिनांक 24 सितम्बर, 2013 को भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना जारी की ।

(iii) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति के साथ एक पत्र सभी ज्ञात निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों/उद्योग एसोसिएशनों (जिनके विवरण घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया।

(iv) प्राधिकारी ने आवेदन पत्र के अगोपनीय पाठ की प्रति पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देश में सभी ज्ञात निर्यातकों को उपलब्ध कराई। इस आवेदन पत्र की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई।

(v) संबद्ध देश में निर्यातकों/उत्पादकों को प्रेषित पत्र एवं निर्यातक प्रश्नावलियों की प्रतियां ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की एक सूची के साथ भारत में संबद्ध देश के राजदूतावास को यह अनुरोध करते हुए प्रेषित की कि वे संबद्ध देश के सभी ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों तथा संबद्ध देश के अन्य निर्याताकों/उत्पादकों को यह सुझाव दें कि वे निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत प्रश्नावलियों का प्रत्युत्तर दें।

(vi) प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देशों के निम्नलिखित निर्यातकों को संगत जानकारी प्रदान कराने के लिए निर्यातक प्रश्नावलियां प्रेषित की।

(vii) प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को संगत सूचना प्रदान कराने के लिए निर्यातक प्रश्नावलियां प्रेषित की :

(क) थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड

(ख) हनिल सिंथेटिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, कोरिया आरपी

(ग) ताइक्वांग इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड, कोरिया आरपी

(viii) उपर्युक्त अधिसूचना के प्रत्युत्तर में थाईलैंड के केवल एक निर्यातक अर्थात मैसर्स थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी (जिसे एतद्पश्चात थाई एक्रिलिक या टीएएफ कहा गया है) ने ही निर्यातक प्रश्नावली का प्रत्युत्तर दिया ।

(ix) विदेश व्यापार विभाग, थाईलैंड सरकार ने भी इस जांच शुरूआत पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की।

(x) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति संबद्ध वस्तु के भारत में निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिएशनों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें यह सलाह दी गई कि वे नियम 6(4) के अनुसार इस पत्र के जारी होने की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत करा दें :

(क) राजस्थान स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स लिमिटेड

(ख) वर्धमान स्पनिंग एंड जनरल मिल्स

(ग) दीपक स्पिनर्स लिमिटेड

(घ) माल्वा काटन स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड

(ङ) शिवालय स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स (प्राइवेट) लिमिटेड

(च) दीपक स्पिनर्स लिमिटेड

(छ) शिवा फेब्रीकेटर (प्राइवेट) लिमिटेड

(ज) सुप्रीम टेक्स मार्ट लिमिटेड

(झ) योगेन्द्र वर्स्टेड लिमिटेड

(ञ) श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड

(ट) बांसवाडा सिंटेक्स लिमिटेड

(ठ) गंगा एक्रोवूल्स लिमिटेड

(ड) शीतल फाइबर्स लिमिटेड

(ढ) अरिसूदन इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(ण) स्पोर्ट किंग इंडिया लिमिटेड

(त) टेक्सास वूलेन मिल्स (प्राइवेट) लिमिटेड

(थ) जिन्दल कोटेक्स लिमिटेड

(द) गर्ग एक्रिलिक्स लिमिटेड

(xi) निम्नलिखित ने जांच शुरूआत के पश्चात अपने विधिक प्रस्तुतिकरण किए :

(क) वनायक स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, लुधियाना

(ख) स्पोर्टकिंग इंडिया लिमिटेड, लुधियाना

(ग) वीनस टेक्सिपन लिमटेड, लुधियाना, और

(घ) गंगा वूल्स लिमिटेड, लुधियाना

(xii) वर्तमान समीक्षा के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक है। तथापि, क्षति विश्लेषण के संबंध में प्रवृत्तियों की जांच में वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और जांच की अवधि को भी शामिल किया जाएगा ।

(xiii) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय निदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से अनुरोध किया गया कि वह भारत में, जांच की अवधि सहित, पिछले तीन वर्षों में हुए संबद्ध वस्तु के आयातों का विवरण प्रदान कराए। डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदान कराई गई सौदेवार आयात सूचना को इस जांच के प्रयोजनार्थ अपनाया गया ।

(xiv) प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय पाठ नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए एक खुली फाइल में रखा गया ।

(xv) प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार मौखिक रूप से व्यक्त करने का अवसर देने के लिए दिनांक 5 अगस्त, 2014 को एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया। जांच की शुरूआत के पश्चात प्रत्युत्तर देने वाले हितबद्ध पक्षकारों के अलावा संबद्ध वस्तु के भारी संख्या में अन्य आयातकों/प्रयोक्ताओं, जिन्होंने जांच शुरूआत के पश्चात प्रत्युत्तर नहीं दिया था, ने प्राधिकारी से अनुरोध किया कि वह उन्हें मौखिक सुनवाई में भाग लेने की अनुमति प्रदान करें। उन्हें प्राधिकारी की अनुमति से अपने प्रतिनिधिक निकाय पंजाब स्पिनर्स एसोसिएशन के जरिए मौखिम सुनवाई में प्रतिभागिता करने की अनुमति दी गई। फोरम आफ एक्रिलिक फाइबर मैन्यूफैक्चरर्स, नई दिल्ली और निटवियर क्लब, लुधियाना ने भी इस मौखिक सुनवाई में भाग लिया। कुछ व्यक्तिगत आयातकों/प्रयोक्ताओं ने भी इस सार्वजनिक सुनवाई में भाग लिया ।

(xvi) इस सार्वजनिक सुनवाई में मौखिम रूप में अपने विचार व्यक्त करने वाले अपने पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने विचारों को लिखित रूप में अभिव्यक्त करें। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच की कार्रवाई और सार्वजनिक सुनवाई के दौरान किए गए प्रस्तुतिकरणों का प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई सीमा तक इस अंतिम जांच परिणम के उपयुक्त पैराग्राफों में समाधान कर दिया गया है ।

(xvii) प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की भारत में उत्पादन लागत तथा गैर क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के लिए अनुबंध-III में विनिर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की यथासंभव सीमा तक जांच की है ताकि यह सुनिश्चय किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा ।

(xviii) प्रतिवादी निर्यातकों और आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और आंकड़ों का सत्यापन आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया ।

(xix) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की प्राधिकारी द्वारा गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां कही आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया और ऐसी सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया तथा उसका प्रकटन नहीं किया गया। जहां कहीं संभव हुआ वहां हितबद्ध पक्षकारों को यह निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रस्तुत करे ।

(xx) जहां कही किसी हितबद्ध पक्षकार ने सूचना तक पहुंच की मनाही की है या वर्तमान जांच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है या जांच में पर्याप्त अवरोध उत्पन्न किया है वहां प्राधिकारी ने इस अनिवार्य तथ्यों को "उपलब्ध तथ्यों" के आधार पर रिकार्ड किया और इन पक्षकारों को असहयोगकर्ता पक्षकार के रूप में माना ।

(xxi) इस जांच में अनिवार्य तथ्यों युक्त एक प्रकटन विवरण, जिसे अंतिम जांच परिणाम का आधार माना गया, दिनांक 16.03.2015 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया गया। घरेलू उद्योग तथा विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों से प्रकटन पश्चात प्राप्त विवरण प्रस्तुतिकरणों पर इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में संगत पाई गई सीमा तक विचार किया गया है ।

(xxii) घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच की अवधि के दौरान किए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत पाए गए प्रस्तुतिकरणों की जांच की गई और उनका इस जांच में निराकरण कर दिया गया ।

(xxiii) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना एवं आंकड़ों का आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया है ।

(xxiv) केंद्रीय सरकार ने प्राधिकारी के अनुरोध पर इस जांच को पूरा करने की समय-सीमा दिनांक 23.03.2015 तक बढ़ी दी है ।

(xxv) इस जांच की अवधि के दौरान विनिमय दर 54.65/-रुपया = 1 अमरीकी डालर अपनाई गई है ।

(xxvi) इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में *** हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना का प्रतिनिधित्व करती है और नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा उसे वैसा ही माना गया है ।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

9. मूल जांच और उसके उत्तरवर्ती समीक्षा जांचों में अंतर्ग्रस्त उत्पाद एक्रिलिक फाइबर है। एक्रिलिक फाइबर, एक्रिनोनाइट्राइल, जो एक्रिलिक फाइबर का उत्पादन करने के लिए मुख्य कच्चा माल होता है, के भारत का कम से कम 90 प्रतिशत तक सिंथेटिक पालीमर की दीर्घ श्रृंखला होती है। इसे विशेषत: रंग, लंबाई और फाइबर के डिनायर के अनुरूप वर्णित किया जाता है। इसका प्रयोग अपैरल्स, घरेलू मदों आदि का विनिर्माण करने के लिए प्रयोग किया जाता है और इसका बड़ा औद्योगिक उपयोग भी होता है। इसे सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 55 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। जहां तक इसका इस उत्पाद से संबंध है एक्रिलिक फाइबर का सीमाशुल्क वर्गीकरण 5501.3000, 5503.3000 और 5506.3000 है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह किसी भी रूप में वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

विदेश व्यापार विभाग, थाईलैंड सरकार के विचार

10. एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड ऐसी स्पेशियलिटी एक्रिलिक फाइबर का विनिर्माण करती है, जिसका भारत के घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन नहीं किया जाता है और इसलिए इन उत्पादों से घरेलू उद्योग को कोई क्षति कारित नहीं हो सकती है।

मैसर्स थाई एक्रिलिक कंपनी लिमिटेड थाईलैंड तथा अन्य विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

11. मैसर्स थाई एक्रिलिक कंपनी लिमिटेड थाईलैंड तथा अन्य विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार निम्नलिखित हैं :

(क) चयनित उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक है और इसके समुचित रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इस जांच के दायरे में न केवल सभी प्रकार के एक्रिलिक फाइबर को इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना शामिल किया गया है कि क्या इनका घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन किया जा रहा है या नहीं, परंतु इसके मूल्यवर्धित उत्पादों को भी शामिल किया गया है, जो पाटनरोधी नियमावली और विनियमों की मूल भावनाओं के ही विपरीत है।

(ख) इस जांच के दायरे से उन उत्पादों का अपवर्जन कर दिया जाना चाहिए जिनका भारत में घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्माण नहीं किया जाता है और जिसके लिए देश में तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय वस्तु का उत्पादन नहीं किया जाता है क्योंकि घरेलू उद्योग इन उत्पादों के आयातों द्वारा प्रभावित नहीं होती है। साथ ही, यह विशेषज्ञतापूर्ण उत्पाद प्रयोक्ता उद्योग के लिए अति महत्वपूर्ण हैं।

(ग) एक्रिलिक टॉप एक मूल्य वर्धित उत्पाद है और इसलिए इसका जांच के दायरे और परिधि से अपवर्जन कर दिया जाना चाहिए।

(घ) सीएफसीएल (कन्सालिडेटेड फाइबर्स एंड कैमिकल्स लिमिटेड) और वर्धमान एक्रिलिक लिमिटेड (वीएएल) दो ऐसी कपंनियां हैं जो भारत में "एक्सलान" टेक्नालोजी फाइबर का विनिर्माण करती है। इस तरह के फाइबर को विकसित काटन स्पिनिंग सेक्टरों द्वारा बहुत अधिक पसंद किया जाता है क्योंकि यह यार्न को विशेष फील और बल्क प्रदान करता है। एक्रिलिक इंडिया लिमिटेड (आईएएल) और पशुपति एक्रिलान लिमिटेड द्वारा बनाया गया यार्न लिम्पी और न्यून बल्क का होता है तथा इसलिए इसे विकसित काटन स्पिनिंग सेक्टर में पसंद नहीं किया जाता है।

(ङ) आईएएल के (डयुपांट टेक्नोलोजी) फाइबर का उपयोग अधिकांशत: शाल/वीविंग सेक्टर में किया जाता है जो अत्यधिक मुलायम और रेशेदार (लिम्पी) यार्न का उत्पादन करता है। इस यार्न में स्टैडिंग नहीं होती है और इसलिए इसका स्वेटर बनाने के लिए ज्यादा प्रयोग नहीं किया जा सकता है। अपने ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिए घरेलू उद्योग एक्रिलिक फाइबर की खरीद थाईलैंड से करता रहा है (सीवाई 2011 : 103.3 एमटी, सीवाई 2012 : 254.5 एमटीका उनके द्वारा आयात किया गया था)। (कृपया नोट करें कि यह गोपनीय आंकड़े हैं और उनका निग्रहण करने की जरूरत नहीं है)।

(च) पीएएल की (स्निया टेक्नालोजी) फाइबर का प्रयोग रेडी टू यूज कोन सेक्टर में किया जाता है जिसका प्रयोग मुख्यतया अनुकर्षण (टाउ) ब्रेकिंग सुविधाओं युक्त ग्राहकों द्वारा किया जाता है। पीएएल से बनाए गए फाइबर में अच्छी बल्किंग विशेषताएं नहीं होती हैं जैसी कि एक्सलान फाइबर में होती हैं जो विकसित सूती वस्त्र मिलों की एक पूर्वापेक्षा होती है।

(छ) भारत में एक्सलान फाइन की कुल मांग 35000 एमटी की होती है जबकि वीएएल केवल 18,000 एमटी फाइबर का ही उत्पादन करता है और इस प्रकार प्रतिवर्ष 17,000 एमटी की कमी रह जाती है।

(ज) सीएफसीएल (12केटी क्षमता) के बंद होने के पश्चात, यार्न के विनिर्माताओं ने इसको थाई एक्रिलिक फाइबर से प्राप्त करना शुरू कर दिया।

(झ) पीएएल और आईएएल मुख्यत: टाव का ही विनिर्माण करते हैं, जबकि वीएएल, केवल फाइबर का विनिर्माण करता है। यह पृथक्करण तीनों कंपनियों के परस्पर अनन्यत: अंतिम प्रयोग के कारण होता है। पुन: यह नोट किया जाना चाहिए कि थाई एक्रिलिक फाइबर केवल नार्मल क्वालिटी के एक्सलान फाइबर का और अपने मूल्यवर्धित उत्पाद सेगमेंट में केवल सुपरस्पेशियलिटी टाव ही निर्यात करता है जिसका भारत में विनिर्माण नहीं किया जाता है।

(ञ) वर्धमान ग्रुप जर्मनी से स्पेशियलिटी फाइबर का भारी मात्रा में आयात करता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इन स्पेशियलिअी उत्पादों का परस्पर अनन्य प्रयोग होता है। वर्धमान ग्रुप का ड्रालान जीएमबीएच के साथ अनन्यत: व्यवस्था है, जिसके द्वारा भारत का कोई अन्य यार्न विनिर्माता ड्रालान से आयात नहीं कर सकता है।

घरेलू उद्योग के विचार

12. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए विचार निम्नलिखित हैं :

(क) एक्रिलिक फाइबर का आशय एक्रिलिक स्टैपल फाइबर, एक्रिलिक टाव फाइबर और एक्रिलिक टॉप फाइबर से होता है। एक्रिलिक स्टैपल फाइबर, एक्रिलिक टाव फाइबर और एक्रिलिक टॉप फाइबर को वाणिज्यिक बोलचाल की भाषा में एक्रिलिक फाइबर के रूप में जाना जाता है। एक्रिलिक स्टैपल फाइबर और एक्रिलिक टाव में केवल अंतर लंबाई की भिन्नता का होता है। 2 मीटर से अधिक लंबाई होने की स्थिति में इसे टाव के रूप में जाना जाता है और इसकी लंबाई टुकड़ों में होने पर उसे स्टैपल फाइबर के रूप में जाना जाता है। वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है। पिछली जांचों में और वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच में अंतर्ग्रस्त उत्पाद वही है जिसको निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अपनी पिछली जांचों में धारित किया गया हैं) को सीमाशुल्क किया गया है। एक्रिलिक फाइबर (जिसके टाव, टैप और स्टैपल शामिल होते हैं) को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 55 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। जहां तक इसका संबंध इस उत्पाद से है एक्रिलिक फाइबर का सीमाशुल्क वर्गीकरण 5501.3000, 5502.3000 और 6606.3000 होता है।

(ख) इन पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दे का समाधान प्राधिकारी द्वारा आयोजित कई जांचों में कर दिया गया है। यह जांच तृतीय निर्णायक समीक्षा जांच है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य देशों के संबंध में भी जांच की गई है। प्राधिकारी ने विगत में किसी भी उत्पाद प्रकार के लिए कोई अपवर्जन प्रदान नहीं किया है। चूंकि वर्तमान जांच केवल निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए किसी भी हाल में प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के दायरे को प्रतिबंधित नहीं कर सकते हैं। संपूर्ण तर्क का आशय प्रस्तावित साधनों में कोई न कोई कमी सृजित करना है ताकि पाटनरोधी शुल्क की परिवंचना की जा सके। इसके अतिरिक्त, जहां तक निर्यातों के लिए किए गए आयोग का संबंध है, निर्दिष्ट प्राधिकारी, किसी भी हाल में, उसकी अनुमति पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना ही दे रहे हैं।

(ग) प्राधिकारी द्वारा इस उत्पाद के दायरे का निर्धारण विगत में की गई जांचों में पहले ही कर दिया गया है जहां प्राधिकारी ने यह उपपादित किया है कि किसी भी स्पेशियालिटी फाइबर का अपवर्जन करने की जरूरत नहीं है। एक्रिलिक टाप का अपवर्जन करने के संबंध में थाई एक्रिलिक फाइबर के तर्क को प्राधिकारी द्वारा की गई पिछली जांचों और थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (अपील संख्या एडी 14/2009 में दिनांक 30.4.2010 के अंतिम आदेश संख्या एडी/5/2010 (पीबी) मामले में सेस्टेट के निर्णय को ध्यान में रखते हुए नामंजूर कर दिया जाना चाहिए जिसमें न्यायाधिकरण ने यह उपपादित किया कि एक्रिलिक टाव और एक्रिलिक टाप भी एक्रीलिक फाइबर ही हैं।

(घ) थाई एक्रिलिक फाइबर के लिए तथाकथित अधिमानता के बावजूद सीएफसीएल को अपना प्रचालन बंद करना पड़ा क्योंकि कंपनी को देश में इस उत्पाद का पाटन होने के कारण क्षति सहन करनी पड़ी है। अत:, थाई एक्रलिक फाइबर के लिए तथाकथित अधिमानता के दावे के बावजूद कंपनी को अपना प्रचालन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके अतिरिक्त, नियमों के अंतर्गत, विधिक अपेक्षा यह है कि क्या घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु थाईलैंड से भारत में आयातित वस्तु के समान वस्तु है। इस मुद्दे का प्राधिकारी द्वारा अपनी पिछली जांचों में अच्छी तरह से समाधन कर दिया गया है जिनमें यह स्पष्ट रूप से उपपादित किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु थाईलैंड तथा अन्य देशों से आयातित वस्तु के समान वस्तु है।

(ङ) "अन्य भारतीय उत्पादकों" की बिक्री में वर्ष 2006-07 में गिरावट आ गई और वर्ष 2007-08 से कोई बिक्री नहीं हुई, जबकि वर्ष 201-12 से थाईलैंड से आयातों में वृद्धि होना शुरू हो गई। इसलिए, यह कहना गलत है कि थाईलैंड से आयातों में वृद्धि सीएफसीएल बंद होने के पश्चात हुई है।

(च) मैसर्स शिवालय स्पिनिंग द्वारा मौखिक सुनवाई के दौरान किए गए प्रस्तुतिकरण के विपरीत हैं कि भारत में (पीएएल, वीएएल और आईएएल नामक) तीनों कंपनियों के अंतिम प्रयोग के विभिन्न सेक्टरों में ग्राहक हैं और वे एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा लगभग नहीं कर रही है। मैसर्स शिवालय स्पिनिंग ने यह माना है कि वे फाइबर की खरीद इन तीनों उत्पादकों से कर रहे थे। किसी भी हाल में अगर यह मान भी लिया जाए कि उनके बाजार प्रखंड अलग-अलग हैं फिर भी कतिपय बाजार प्रखंडों में कतिपय उत्पादकों की मौजूदगी का आशय यह नहीं है कि वे उत्पाद भिन्न-भिन्न है।

(छ) सभी तीनों याचिकाकर्ता स्टैपल फाइबर, टाव और टाप तीनों का ही उत्पादन करते हैं।

(ज) वर्धमान ही जर्मनी से आयात करने वाला एकमात्र आयातक नहीं है। जर्मनी के आपूर्तिकर्ताओं के साथ कोई अनन्य व्यवस्था नहीं है। जर्मनी से पक्षकार-वार आयात को दर्शाने वाला एक विवरण प्राधिकारी को प्रदान किया गया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

13. वर्तमान समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद एक्रिलिक फाइबर है। एक्रिलिक फाइबर सिंथेटिक पालियर की एक दीर्घ श्रृंखला होती है जिसमें एक्रिलोनाइट्राइल, जो एक्रिलिक फाइबर का उत्पादन करने के लिए एक प्रमुख कच्चा माल है, के भार द्वारा कम से कम 90 प्रतिशत संघटक होते हैं। इसे मोटे तौर पर फाइबर के रंग, लंबाई और डेनियर द्वारा वर्णित किया जाता है। इसका प्रयोग अपैरल, घरेलू वस्तुओं के विनिर्माण के लिए किया जाता है और इसका औद्योगिक उपयोग बहुत अधिक होता है। इसे सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम,1975 के अध्याय 55 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

14. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न तर्कों के संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि :

(i) इस उत्पाद के दायरे का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा अपनी विगत की जांचों में पहले ही किया जा चुका है जिनमें प्राधिकारी ने यह प्रतिपादित किया कि उत्पाद के दायरे से किसी स्पेशियलिटी फाइबर का अपवर्जन करना अपेक्षित नहीं है। यह नोट किया जाता है कि थाई एक्रिलिक फाइबर ने अपने उत्पाद का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी जापान से प्राप्त की है और जापान के उत्पादकों ने भी पहली जांच में अपवर्जन करने के लिए ऐसे ही दावे किए थे। तत्पश्चात, संबद्ध वस्तु के जापान से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित कर दिया है। प्राधिकारी ने इन स्पेशियलिटी फाइबरों के लिए जापान के उत्पादकों को भी छूट प्रदान नहीं की है। जहां तक इस तर्क का संबंध है कि एक्रिलिक टाप एक मूल्यवर्धित उत्पाद है और इसलिए उसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर मानना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि सेस्टैट ने थाई एक्रिलिक कंपनी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में अपील संख्या एडी/14/2009 में दिनांक 30.04.2010 के अंतिम आदेश संख्या एडी/5/2010 (पीवी) मामले में अन्य बातों के साथ-साथ, यह उपपादित किया है कि अध्याय 55 में (मानव निर्मित स्टैपल) फाइबरों और एक्रिलिक फाइबर, दोनों के कारण को कवर किया है। एक्रिलिक टाव, एक्रिलिक स्टैपल फाइबर और एक्रिलिक टाप सभी अध्याय 55 के अंतर्गत आने वाले एक्रिलिक फाइबर हैं और इसलिए पाटनरोधी अधिसूचना के अंतर्गत इन सभी उत्पादों, जो अध्याय 55 के अंतर्गत एक्रिलिक फाइबर हैं, के कवरेज की मनाही नहीं की जा सकती है। अत: प्राधिकारी यह मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्क की परिधि से स्पेशियलिटी फाइबरों को अलग करना उपयुक्त नहीं होगा।

(ii) यह तर्क दिया गया है कि विभिन्न उत्पादक विभिन्न उत्पाद प्रकारों की बिक्री कर रहे हैं और वह उत्पाद विभिन्न बाजार सेगमेंटों में जा रहे हैं। तथापि, तीन याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा उत्पादित और बिक्री किया जा रहा उत्पाद और थाईलैंड से आयातित उत्पाद "एक्रिलिक फाइबर" है। विभिन्न बाजार सेगमेंटों की उपस्थिति का आशय यह नहीं है कि उत्पाद अलग-अलग है। जहां तक याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा उत्पादित और बिक्री किए गए एक्रिलिक फाइबर का संबंध है, उसका क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ विभिन्न उत्पाद प्रकारों में पृथक्करण नहीं

किया जा सकता है। प्राधिकारी को घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का निर्धारण घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित किए गए और बेचे गए समान उत्पाद से संबंधित उत्पादन एवं बिक्री के आंकड़ों पर विचार करके ही किया जा सकता है।

(iii) विगत जांचों में यह स्थापित किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देशों तथा अन्य देशों से आयातित वस्तु के समान वस्तु है। सभी तीनों याचिकाकर्ता स्पेशियलिटी फाइबर का उत्पादन करते हैं।

(iv) इसलिए, प्राधिकारी यह उपपादित करते हैं वर्तमान समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा वहीं रहेगा जो विगत जांचों में था।

(घ) : घरेलू उद्योग का आधार एवं दायरा

15. यह याचिका मैसर्स इंडिया एक्रिलिक लिमिटेड, मैसर्स वर्धमान एक्रिलिक लिमिटेड और मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड हैं। सभी याचिकाकर्ता कंपनियों ने अपनी लागत करण एवं क्षति सूचना दायर की हैं।

विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

16. मैसर्स इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड ने इस विचाराधीन उत्पाद का आयात थाई एक्रिलिक से किया है जिसकी प्रमात्रा का प्रकटन नहीं किया गया है। यद्यपि भारतीय एक्रिलिक द्वारा किए गए आयात अग्रिम अनुज्ञापत्र (डीएफआईए स्कीम) के अंतर्गत प्रभावित थे, फिर इन वस्तुओं का स्वदेशी रूप से आसानी से अधिप्रापण किया जा सकता है और एआरओ ऐसे आपूर्तिकर्ता को जारी किया जा सकता है जिसके विदेश व्यापार नीति में प्रकल्पना की गई है।

घरेलू उद्योग के विचार

17. यह याचिका मैसर्स इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड, मैसर्स वर्धमान एक्रिलिक लिमिटेड और मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं को जांच की अवधि में भारतीय उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा है और इसलिए वे घरेलू उद्योग कहे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, निर्णायक समीक्षा के मामले में आधार की जांच करना अपेक्षित नहीं होता है।

18. घरेलू उद्योग पुन: यह दावा करता है कि इंडियन एक्रिलिक ने संबद्ध वस्तु का थाईलैंड से अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत आयात किया है। भारत में विचाराधीन उत्पाद के सकल आयात, इंडियन एक्रिलिक द्वारा उत्पादन और भारतीय उत्पादन तथा एक्रिलिक फाइबर की खपत पर विचार करते हुए इसके अतिरिक्त, कंपनी का मुख्य फोकस व्यापार की ओर नहीं मुड़ा है। व्यापार करना कंपनी का प्रधान कार्यकलाप नहीं है और आयात भारत सरकार की शुल्क छूट/माफी स्कीम के अंतर्गत किए जाते हैं। निरमा लिमिटेड बनाम सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के निर्णय और गुजरात फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्णय का उल्लेख किया जा सकता है जिनमें यह प्रतिपादित किया गया है कि नियम 2(ख) के अंतर्गत निर्दिष्ट प्राधिकारी को विवेकाधिकार प्राप्त है और दिनांक 27 फरवरी, 2010 के संशोधन से प्राधिकारी की विवेकाधिकार शक्ति को समाप्त नहीं किया गया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

19. वर्तमान मामले में याचिका मैसर्स इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड, मैसर्स वर्धमान एक्रिलिक लिमिटेड और मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं को जांच की अवधि में भारतीय उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है।

20. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकारी यह पाते हैं कि इंडियन एक्रिलिक्स ने संबद्ध वस्तु का आयात किया है और वह आयात शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत किया गया है, और इस आयात मात्रा की उनके उत्पादन, भारतीय उत्पादन और देश में मांग के साथ तुलना करने पर यह कहा जा सकता है कि यह आयात बहुत कम है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कंपनी का मुख्य फोकस व्यापार की ओर नहीं मुड़ा है। निरमा लिमिटेड बनाम सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी को नियम 2(ख) के अंतर्गत विवेकाधिकार प्राप्त है और दिनांक 27.02.2010 के संशोधन से प्राधिकारी की विवेकाधिकार शक्ति को समाप्त नहीं किया गया है। जहां तक इस तर्क का संबंध है कि कंपनी एआरओ के

अंतर्गत अपने उत्पाद को सोर्स कर सकती है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत सरकार की विदेश व्यापार नीति के अंतर्गत उपलब्ध स्कीमों में से किसी एक स्कीम का उपयोग करना कंपनियों का अपना निर्णय होता है। प्राधिकारी लगातार यह प्रतिपादित करते आए हैं कि यदि वसतु का अधिप्राप्त शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत किया गया है तो इससे घरेलू उद्योग के भाग के रूप में विचार किए जाने से घरेलू उद्योग के हक को छीना नहीं जा सकता है। हर हाल में, कंपनी द्वारा किए गए आयात की मात्रा, कंपनी द्वारा किए गए उत्पादन, भारत में उत्पादन और भारत में खपत पर विचार करते हुए बहुत ही कम है। इसलिए प्राधिकारी यह उपपादित करते हैं कि इंडियन एक्रिलिक्स नियम 2(ख) के आशय के अंतर्गत एक पात्र घरेलू उद्योग है।

21. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना पर विचार करते हुए प्राधिकारी यह धारित करते हैं कि याचिकाकर्ता कंपनियों अर्थात वर्धमान एक्रिलिक्स, पशुपति एक्रिलान और इंडियन एक्रिलिक्स का उत्पादन भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है। इसलिए, याचिकाकर्ता कंपनियां पाटनरोधी नियमावली के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और उनका नियमों के अंतर्गत आधार भी बनता है।

ड. विविध मुद्दे

विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

22. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार निम्नलिखित है :

(क) भारत में पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता 15 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए बनाए रखने का कोई मामला नहीं है। इसलिए शुल्क का समय विस्तार नहीं किया जाना चाहिए।

(ख) दोहा करार 2007 में शुल्क की अवधि के संबंध में डब्ल्यूटीओ चेयर टेक्स्ट में भारत ने इस विचार का समर्थन किया था कि शुल्क सेल बैटरी से संबंधित एक पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय दिया गया था कि पाटनरोधी शुल्क को 10 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

(ग) वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच त्रुटिपूर्ण (जांच की अवधि अप्रैल, 2012 से मार्च, 2013) है। विधि यह निर्धारित करती है कि निर्णायक समीक्षा जांच में जांच की अवधि उस समय के साथ समाप्त होनी चाहिए जो पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की तारीख के यथासंभव निकट हो। अत:, यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकारी को किसी पाटन और क्षति की संभावना का निर्धारण अद्यतन आंकड़ों की (जुलाई, 2013 से जून, 2014 तक के) जांच करके करना चाहिए।

(घ) याचिका में अत्यधिक गोपनीयता दावा की गई अर्थात इंडियन एक्रिलिक्स लिमिटेड द्वारा किए गए आयातों का बिल्कुल भी खुलासा नहीं किया गया है।

(ङ) प्रमुख पणधारी को सार्वजनिक सुनवाई की सूचना दी जानी चाहिए और उसे उसमें भाग लेने की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए। तथापि, 22 जुलाई को ऐसा नहीं किया गया।

(च) वर्तमान जांच प्रारंभ करते समय, पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3)(ख) के अंतर्गत अपेक्षाओं का विधिवत अनुपालन नहीं किया गया है।

(छ) आवेदकों का यह दावा है कि "पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता केवल तभी समाप्त की जा सकती है जब प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति करने/उसकी निरंतरता को समाप्त करने से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता नहीं बनी रहेगी अथवा उसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी।" तथापि, धारा 9क(5) के अनुसार यह विवेकाधिकार प्राधिकारी में निहित है कि वह शुल्क का समय विस्तार करें या नहीं।

(ज) मिस्र ने केवल रंजक फाइबरों की ही आपूर्ति की है।

(झ) यदि आवेदकों को पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद वास्तव में क्षति हो रही थी तो उन्होंने उन समय लागू उपाय में उपयुक्त संवर्धन करने की मांग करते हुए प्राधिकारी के समक्ष मध्यावधि समीक्षा जांच की मांग करते हुए आवेदन क्यों नहीं दायर किया।

(ञ) आवेदकगण उपभोक्ताओं को सामने आने से वंचित कर रहे हैं और अपने हितों की रक्षा कर रहे हैं।

(ट) एक्रिलिक फाइबर का विनिर्माण करने के लिए कच्चे माल की उच्च लागत के कारण फाइबर, पालियस्टर, विस्कोस और काटन की तुलना में पहले से ही अधिक महंगा हो गया है।

(ठ) इसके अतिरिक्त, फाइबर की उच्च कीमत के परिणामस्वरूप यार्न का आयात करना पड़ा, जिससे घरेलू और निर्यात बाजार में अनुप्रवाही उद्योग को वृद्धि रूक गई।

(ड) विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के कारण, रुपए के मूल्य में पाटनरोधी शुल्क बढ़ गया है।

(ढ) फाइबर विनिर्माता प्रयोक्ता मांग की कमी को पूरा करने के लिए एक्रिलिक फाइबर का आयात कर रहे हैं। वे एक्रिलिक फाइबर का अल्प कीमत पर निर्यात भी कर रहे हैं और अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत उसका आयात भी कर रहे हैं।

(ण) बंगला देश ने स्वेटर विनिर्माण में ख्याति अर्जित कर ली है क्योंकि वे एंटी पाइलिंग, कान्जुगेट, जेल डायड आदि से बने अच्छी गुणवत्ता वाले स्पेशियलिटी यार्न की खरीद अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर कर सकते हैं।

घरेलू उद्योग के विचार

23. घरेलू उद्योग के विचार निम्नलिखित है :

(क) थाई एक्रिलिक फाइबर ने आज की तारीख तक प्रश्नावली प्रत्युत्तर भाग-II दायर नहीं किया है।

(ख) प्राधिकारी ने जांच शुरूआत के स्तर पर सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की है। यह हितबद्ध पक्षकारों के लिए था कि वह प्राधिकारी को प्रत्युत्तर दें और जांच में प्रतिभागिता करें। यदि इन हितबद्ध पक्षकारों ने जांच शुरूआत नोटिस का प्रत्युत्तर न देने का चयन कर लिया हो और जांच शुरूआत के स्तर से ही प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर ने करके प्रतिभागिता न की हो तो इन पक्षकारों को इस स्तर पर ऐसा कोई अधिकार अवाप्त नहीं हो जाता है।

(ग) यह तर्क निराधार है कि फाइबर की उच्च कीमतों के परिणामस्वरूप यार्न का आयात हुआ है। वास्तव में, देश में यार्न का आयात न्यूनतम होता है। यार्न का आयात दर्शाते हुए एक विवरण संलग्न है। किसी भी हाल में यदि यार्न के आयात कम कीमतों पर हो रहे हैं तो उपभोक्तागण इस संबंध में याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(घ) विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के मुद्दे का अच्छी तरह से निर्धारण कर दिया गया है। विनिमय दर में परिवर्तन होने के साथ ही घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत में भी परिवर्तन हो जाता है। अत:, विनिमय दर का प्रभाव वरणात्मक रूप से न केवल विचाराधीन उत्पाद की बिक्री कीमत पर पड़ता है। बल्कि इसका प्रभाव विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत पर भी पड़ता है।

(ङ) देश में इस उत्पाद की कोई कमी नहीं है। घरेलू उद्योग के पास इस उत्पाद का उत्पादन करने की पर्याप्त क्षमता है। घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात वास्तव में इसलिए किए जा रहे हैं क्योंकि उपभोक्ताओं द्वारा उनका आयात किया जा रहा है।

(च) यदि बंगलादेश ने अच्छी ख्याति अर्जित कर ली है तो क्या उद्योग पर इसका आरोप लगाना चाहिए। निर्यात के लिए किए गए आयातों पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगता है और भारतीय विनिर्माण वही ख्याति अर्जित कर सकता है जैसी बंगलादेश के उत्पादकों द्वारा तथाकथित रूप से अर्जित कर ली गई है। बंगलादेश को निर्यात की मात्रा मास को निर्यात की मात्रा का मुश्किल से ही 25 प्रतिशत है, वह कीमत जिस पर इस वस्तु का निर्यात बंगलादेश को किया गया है भारत को किए गए निर्यात की कीमत से 5 प्रतिशत अधिक है और बंगलादेश को निर्यात भी पाटित कीमतों पर होते हैं।

(छ) एक्रिलिक फाइबर का विनिर्माण करने के लिए कच्चे माल की उच्च लागत का मुद्दा पूर्णतया असंगत है। एक्रिलिक फाइबर, पालियस्टर, विस्कोस और काटन का प्रयोग पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किए जाने के प्रारंभ

से ही किया जा रहा है। इस संबंध में कोई भारी अंतर नहीं आया है। ऐसा मामला होने पर उनके तर्कों में कोई दम नहीं है। हितबद्ध पक्षकार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं जो संगत नहीं है।

(ज) वास्तव में यह आश्चर्यजनक है कि थाई एक्रिलिक फाइबर आईएएल द्वारा किए गए आयात की मात्रा का प्रकटन न करने की बात कर रहा है जबकि थाई एक्रिलिक फाइबर ने कंपनी द्वारा भारत को किए गए कुल आयातों का भी खुलासा नहीं किया है जबकि थाई एक्रिलिक फाइबर इस उत्पाद का थाईलैंड से निर्यात करने वाला संभवत: एकमात्र निर्यातक है और थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा किए गए निर्यातों को थाई सीमाशुल्क और भारतीय सीमाशुल्क दोनों द्वारा रिकार्ड और प्रकाशित किया जाता है। वास्तव में, कंपनी द्वारा किए गए निर्यातों की कुल मात्रा के संबंध में किसी भी गोपनीयता का दावा नहीं किया जा सकता है, जब कोई कंपनी किसी देश से किसी उत्पाद की एकमात्र निर्यातक होती है और निर्यातकर्ता एवं आयातकर्ता देशों के सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा संगत सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती है।

(झ) वास्तव में तो थाई एक्रिलिक फाइबर ने अत्यधिक गोपनीयता का आश्रय लिया है। थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा दायर किया गया निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर न केवल विधिक प्रावधानों के विपरीत है बल्कि यह प्राधिकारी द्वारा जारी व्यापार नोटिस के भी विपरीत है।

(ञ) थाईलैंड ने इसके 1.10 लाख एमटी सकल उत्पादन की तुलना में भारत में 5174 एमटी अवशिष्ट का निर्यात किया है।

(ट) यदि भारत में आयातों का विचार किया जाता है तो ऐसा प्रतीत होता है कि थाई एक्रिलिक फाइबर ने दावा किया है कि उसने 4-5 प्रतिशत अपशिष्ट का उत्पादन किया है, यदि यह मान लिया जाए कि उसने अपने संपूर्ण अपशिष्ट का भारत को निर्यात किया है। यह साधारणतया इस कारण से संभव नहीं है कि थाई एक्रिलिक फाइबर ने भी वही प्रौद्योगिकी बनाई है जिसका उपयोग मैसर्स वर्धमान ने किया है। मैसर्स वर्धमान का अपशिष्ट उत्पादन व्यवहार्यत: शून्य है। इन परिस्थितियों के अंतर्गत यह संभव नहीं है कि थाई एक्रिलिक फाइबर संयंत्र 4-5 प्रतिशत अपशिष्ट का उत्पादन करता है।

(ठ) आयातों में यह वृद्धि थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद की खपत में समनुरूपी वृद्धि के बिना अपनी क्षमता में वृद्धि करने के कारण हुई है।

(ड) समीक्षा के मामले में नियम 5 प्रभावी नहीं होता है, जैसाकि नियम 23(3) से स्पष्ट है। नियम 5 के प्रावधान पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से संबंधित हैं, जबकि इस उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क पहले से ही लगा हुआ है। द्वितीयत:, याचिकाकर्ता ने विधिवत प्रलेखीकृत याचिका दायर की है, जैसाकि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने अपने जांच शुरूआत नोटिस में उल्लेख किया और उसकी स्वीकृति की है। तृतीयत:, निर्यातक द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण किसी भी हाल में यह सिद्ध नहीं करता है कि यह जांच शुरूआत किसी भी कारण से विधि विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त, कारणात्मक संबंधों का विश्लेषण समीक्षा के स्तर पर करना अपेक्षित नहीं होता है।

(ढ) नियम में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि निर्णायक समीक्षा में जांच की अवधि उस अवधि में समाप्त होनी चाहिए जो पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की तारीख से यथासंभव नजदीक हो। थाई एक्रिलिक फाइबर ने ऐसे विधिक दायित्व का पाठन किया है जो विधि के अंतर्गत सूचीबद्ध नहीं है। वास्तव में अभी हाल ही में मैसर्स कुम्हो पेट्रोकैमिकल्स कंपनी लिमिटेड बनाम भारत संघ एवं अन्य [रिट याचिका (सिविल) 1851/2014, सीएम सं. 3866/2014 एवं 3867/2014] में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा किया गया निर्वचन का आशय यह है कि निर्णायक समीक्षा की शुरूआत मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पहले की जानी चाहिए।

(ण) विगत में किसी तृतीय निर्णायक समीक्षा के लिए याचिका न होने का आशय यह नहीं है कि घरेलू उद्योग ने उन उत्पादों में उन मामलों में व्याप्त तथ्यों के मद्देनजर पाटनरोधी शुल्क में विस्तार किए जाने की जरूतर पर विचार नहीं किया गया है। वर्तमान मामले से संबंधित तथ्यों में जांच की अवधि के दौरान निरंतर पाटन होने का

स्पष्ट साक्ष्य मौजूद है और यह भी स्पष्ट है कि यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने और उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

(त) शुष्क सेल बैटरियों से संबंधित पाटनरोधी जांच के मामले में प्राधिकारी ने यह विचार किया है कि संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा कोई खास नहीं है और इसलिए यह निष्कर्ष निकाला कि यदि पाटनरोधी शुल्क के समय में विस्तार नहीं किया जाता है तो भी घरेलू उद्योग को क्षति होने की कोई संभावना नहीं है। वर्तमान मामले में थाईलैंड से इस विचाराधीन उत्पाद के आयातों में समग्र रूप से और भारत में उत्पादन एवं खपत के संगत रूप से भारी वृद्धि हुई है और वे घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर रहे हैं।

(थ) घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और निवेश पर प्रतिलाभ में संचयी रूप से क्रमिक गिरावट हुई है। इसके अतिरिक्त, जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में कमी आई है। हर हाल में, प्राधिकारी ने अन्य उत्पादों (चीन से एनटीसीएफ, कोरिया और ताईवान से पीवीसी पेस्ट रेजिन) के संबंध में मध्यावधि समीक्षा आवेदन पत्रों को इस आधार पर नामंजूर किया है कि निर्णायक समीक्षा सम्यक प्रतीत होती है। अत:, घरेलू उद्योग जांच की अवधि में अथवा पूर्ववर्ती वर्ष में भी अपने निष्पादन के आधार पर मध्यावधि समीक्षा की मांग नहीं कर सका।

(द) अधिनियम की धारा 9क(5) के अंतर्गत विवेकाधिकार अधिकांशत: केंद्रीय सरकार का है न कि निर्दिष्ट प्राधिकारी का। यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने अथवा उसकी निरंतरता समाप्त कर देने से पाटन घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है तो प्राधिकारी उसे समाप्त करने की सिफारिश नहीं कर सकते हैं। याचिकाकर्ताओं के आवेदन में किए गए प्रस्तुतिकरणों में नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी की शक्तियों का उल्लेख किया गया है। वर्तमान जांच केंद्रीय सरकार द्वारा नहीं है। वर्तमान जांच प्राधिकारी द्वारा है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

24. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न तर्कों के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि :

(क) विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए इस तर्क के संबंध में कि भारत में ऐसा कोई मामला नहीं है जिसमें पाटनरोधी शुल्क 15 वर्ष से अधिक समय के लिए लगाया गया हो और इसलिए शुल्क का समय विस्तार नहीं किया जाना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि अधिनियम और नियमावली में ऐसी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है जिसके उपरांत पाटनरोधी शुल्क की अवधि में विस्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 9क(5) में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान है कि अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, यदि उसका पहले प्रतिसंहरण नहीं कर दिया जाता है तो, ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात उक्त शुल्क निष्प्रभावी हो जाएगा, बशर्ते कि एक समीक्षा में केंद्रीय सरकार का यह विचार हो कि उक्त शुल्क की समाप्ति से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, तो ऐसे मामले में, केंद्रीय सरकार, समय-समय पर, ऐसे अधिरोपण की अवधि को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाएगी। अत:, विधिक प्रावधानों में यह स्पष्ट है कि यदि यह पाया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति पर दिए जाने की स्थिति में पाटन होने और घरेलू उद्योग को उसके परिणामस्वरूप क्षति होने की संभावना है तो समय-समय पर पाटनरोधी शुल्क का विस्तार किया जा सकता है। घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका में पाटन एवं उसके परिणामस्वरूप होने वाली क्षति की पर्याप्त सूचना अंतर्निहित है जिसकी जांच की शुरूआत किए जाने से पहले प्राधिकारी द्वारा जांच की गई और प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने यह जांच प्रारंभ की। जहां तक डब्ल्यूटीओ वार्ताओं के दोहा दौर का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि शुल्क की अधिकतम अवधि की सीमा का निर्धारण करने का डब्ल्यूटीओ का कोई निर्णय नहीं है।

(ख) प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि निर्णायक समीक्षा जांच में पाटनरोधी शुल्क तब तक अधिरोपित किया जाना अपेक्षित होता है जब तक जांच से यह प्रदर्शित होता हो कि उक्त शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की प्रसंभावना है।

(ग) शुष्क सेल बैटरी के मामले में प्राधिकारी के निर्णय के संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी के निर्णय से यह स्पष्ट नहीं होता है कि यदि पाटन से क्षति हो रही हो या पाटन होने एवं क्षति होने की संभावना बनी हुई हो तब भी पाटनरोधी शुल्क के समय में विस्तार नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि, वर्तमान जांच में दर्शाया गया है कि पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बनी हुई है। वर्तमान जांच के तथ्य शुष्क सेल बैटरी जांच के तथ्यों से पूर्णतया भिन्न है। शुष्क सेल बैटरियों में प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि घरेलू उद्योग को क्षति कारित करने वाला पाटन होने की कोई संभावना नहीं थी और इसलिए प्राधिकारी ने यह माना कि शुल्क की अवधि में और अधिक विस्तार करने की जरूरत नहीं है।

(घ) इस तर्क के संबंध में कि विधि में यह प्रावधान है कि निर्णायक समीक्षा जांच की कार्रवाई ऐसी अवधि से समाप्त होनी चाहिए जो पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की तारीख से यथासंभव निकट हो, यह नोट किया जाता है कि नियमावली के साथ पठित अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप, निर्णायक समीक्ष की शुरूआत मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पहले की जानी चाहिए। निर्णायक समीक्षा मामले में जांच की अवधि के संबंध में और शुल्क की समाप्ति के साथ इसके संबंध के बारे में कोई विधिक प्रावधान नहीं है।

(ङ) गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने जहां कहीं आवश्यक हुआ वहां गोपनीयता प्रदान की है और उक्त सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया है और उसका हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन नहीं किया गया है। जहां कहीं संभव हुआ वहां गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले पक्षकारों को यह निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ प्रदान कराए। आयात की मात्रा से संबंधित सूचना संवेदनशील व्यवसाय सूचना है। इस संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्रतिवादी निर्यातक थाईलैंड में एकमात्र उत्पादक होने के बावजूद कंपनी ने भारत को अपने निर्यात की मात्रा का प्रकटन इस दावे के आधार पर नहीं किया कि यह उसकी गोपनीय सूचना है।

(च) इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3)(ख) की अपेक्षाओं का विधिवत अनुपालन नहीं किया गया है प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि नियम 5 के प्रावधान निर्णायक समीक्षा मामले में लागू नहीं होते हैं फिर भी प्राधिकारी ने पाटन और क्षति के संबंध में घरेलू उद्योग के दावे की जांच की है और यह जांच इस बात से संतुष्ट होने के पश्चात ही प्रारंभ की है कि ऐसे प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य हैं जो यह प्रदर्शित कर रहे हैं कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन ओर उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

(छ) प्राधिकारी ने धारा 9क(5) और नियम 23 के अंतर्गत प्रावधानों को नोट किया है और उन पर विचार किया है।

(ज) इस तर्क के संबंध में कि मिस्र ने केवल रंजित फाइबर की ही आपूर्ति की है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि डीजीसीआईएंडएस से संग्रहित सौदावार आयात की सूचना यह दर्शाती है कि मिस्र से ग्रे फाइबर का भारी मात्रा में आयात हुआ है।

(झ) निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में थे कि घरेलू उद्योग ने मध्यावधि समीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने निर्णायक समीक्षा के लिए जांच की अवधि में क्षति का दावा किया है। इसलिए, मध्यावधि समीक्षा का प्रश्न ही नहीं उठता है।

(ञ) इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ता उपभोक्ताओं को अपने हितों की रक्षा करने से वंचित कर रहे हैं, यह नोट किया जाता है कि पाटन विधि में गोपनीयता के दावे के लिए उचित कारण देते हुए गोपनीय आधार पर कोई भी हितबद्ध पक्षकार अपना प्रस्तुतिकरण करने की अनुमति है।

(ट) एक्रिलिक फाइबर अपशिष्ट के बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने भारत में एक्रिलिक फाइबर के आयातों पर विचार किया है। प्राधिकारी ने वर्तमान निर्धारण के प्रयोजनार्थ अपशिष्ट के किसी आयात पर विचार नहीं किया है।

(ठ) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि मौखिक सुनवाई में सभी पक्षकारों को आमंत्रित किया जाना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि सार्वजनिक सुनवाई के लिए उन सभी पक्षकारों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने

स्वयं को प्राधिकारी से अवगत कराया या जिन्होंने प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुतिकरण दायर किया था। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने वास्तव में अन्य उन सभी हितबद्ध पक्षकारों को अनुमति प्रदान की जिन्होंने प्राधिकारी से स्वयं अपनी ओर से और अपनी एसोसिएशन की ओर से सार्वजनिक सुनवाई में अपने विचार प्राधिकारी के समक्ष रखने का अनुरोध किया था।

(ड) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग के पाटनरोधी शुल्क की मध्यावधि समीक्षा की मांग करते हुए आवेदन दायर करना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और यदि किसी हितबद्ध पक्षकार ने मध्यावधि समीक्षा की मांग नहीं की है तो प्राधिकारी को यह अपेक्षित है कि वह निर्णायक समीक्षा से संबंधित प्रावधानों पर विचार करें और तदनुसार निर्धारण करें।

(ढ) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों को अपने हितों की रक्षा करने से वंचित किया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकार विधि के अनुरूप अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसे अतिरिक्त, प्राधिकारी ने उन सभी हितबद्ध पक्षकारों को, अपने विचार प्रत्यक्ष रूप से और अपने एसोसिएशन के जरिए सार्वजनिक सुनवाई में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जिन्होंने ऐसा करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध किया था। इसलिए यह स्वीकार नहीं किया जा सकता है कि घरेलू उद्योग हितबद्ध पक्षकारों को अपना प्रस्तुतिकरण करने से वंचित कर रहा था।

(ण) जहां तक कच्चे माल की उच्च कीमत से फाइबर की लागत बढ़ने का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस विचाराधीन उत्पाद की मांग में वर्तमान क्षति अवधि में बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है। इसलिए, यह वह मामला नहीं है जहां जांच की अवधि के दौरान इस उत्पाद की मांग पर किसी अन्य वस्त्र फाइबर द्वारा कब्जा नहीं कर लिया गया है।

(त) यह तर्क दिया गया है कि फाइबर की उच्च कीमत से यार्न के आयातों में वृद्धि हुई है। डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रकाशित आंकड़े यह नहीं दर्शाते हैं कि क्षति अवधि के दौरान यार्न के आयातों में भारी वृद्धि नहीं दर्शाते हैं।

(थ) जहां तक रुपए के अवमूल्यन के कारण कीमतों में वृद्धि होने का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह नहीं माना जा सकता है कि रुपए के अवमूल्यन का फाइबर की लागत पर कोई प्रभाव पड़ा है। इसे उत्पाद की उत्पादन लागत और प्रासंगिक (यार्न) उत्पाद की आयात कीमत पर कोई प्रभाव पड़ा है।

(द) जहां तक मांग आपूर्ति अंतराल के कारण फाइबर के आयातों का संबंध है, प्राधिकारी अपनी संगत स्थिति को पुन: दोहराते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण पाटन को प्रतिबंधित नहीं करता है।

(ध) जहां तक बंगलादेश और उनके उत्पाद की गुणवत्ता के साथ तुलना करने का संबंध है प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस मुद्दे को पाटनरोधी शुल्क के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। पाटनरोधी शुल्क, शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत आयातों पर लागू नहीं होती है और इसलिए, उपभोक्तागण बंगलादेश के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उससे आयात करने के लिए स्वतंत्र है।

पाटन का आकलन – क्रियापद्धति एवं प्राचल

पाटन का निर्धारण

थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड तथा अन्य विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

25. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के मुख्य विचार निम्नलिखित हैं :

(क) थाईलैंड में एक्रिलिक फाइबर की कीमतें अधिक नहीं है और थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी ने थाईलैंड की घरेलू बाजार में अपने उत्पाद की उच्च कीमतों पर बिक्री नहीं की है।

घरेलू उद्योग के विचार

26. घरेलू उद्योग के विचार निम्नलिखित हैं :

(क) मैसर्स थाई एक्रिलिक फाइबर के अलावा थाईलैंड से अन्य किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने प्राधिकारी को प्रत्युत्तर नहीं दिया है। प्राधिकारी यह धारित कर सकते हैं कि संबद्ध देशों के किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने प्राधिकारी को सहयोग नहीं किया है।

(ख) निर्यातक ने तृतीय देश में बिक्री इस आधार पर नहीं की है कि घरेलू बाजार में सामान्य मूल्य का दावा किया गया है। साथ ही निर्यातक ने प्रश्नावली के भाग-II के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं कराई है। अत:, निर्यातक ने तृतीय देशों को निर्यात के संबंध में संगत सूचना को रोके रखा जो प्राधिकारी को वर्तमान प्रयोजन के लिए प्रश्नावली प्रत्युत्तर पर विचार करने से स्पष्ट रूप से रोका गया।

(ग) प्राधिकारी ने डक्टाइल आयरन पाइपों से संबंधित पाटनरोधी जांच के मामले में स्पष्टतया यह प्रतिपादित किया है कि प्रश्नावली प्रत्युत्तर को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता है जब तक कि प्रश्नावली प्रत्युत्तर के भाग-II का प्रत्युत्तर नहीं भरा गया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ऐसे मामले में संपूर्ण प्रश्नावली प्रत्युत्तर को नामंजूर कर देते हैं। ऐसा मामला होने पर प्राधिकारी से यह अनुरोध किया जाता है कि वह इस मामले में भी प्रश्नावली को नामंजूर कर दें।

(घ) थाईलैंड में इस विचाराधीन उत्पाद की कीमत उस कीमत से अधिक है जिसपर उसका भारत को निर्यात किया गया है। प्रश्नावली प्रत्युत्तर भी उसे सिद्ध कर सकता है।

(ङ) कोरिया आरपी से आयातों के संबंध में कोरियाई सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए निर्यात की मात्रा और भारतीय सीमाशुल्क में रिपोर्ट किए गए आयातों की मात्रा में भारी अंतर है। अत:, यह स्पष्ट है कि भारतीय सीमाशुल्क द्वारा रिपोर्ट किए गए निर्यात की मात्रा की तुलना में बहुत कम है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता ने प्राधिकारी से यह अनुरोध किया है कि वह कोरिया के संबंध में आयातों की मात्रा और मूल्य का निर्धारण करने के लिए कोरियाई सीमाशुल्क द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों पर यह धारित करते हुए विचार करें कि आयातों की मात्रा भारतीय सीमाशुल्क आंकड़ों में प्रदर्शित नहीं की गई है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

27. केवल एक निर्यातक/विनिर्माता मैसर्स थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड (टीएएफ) ने ही प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है। निर्यातक द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की भी प्राधिकारी द्वारा जांच निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की गई और पाटन मार्जिन का निम्नवत निर्धारण किया गया है।

मैसर्स थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड (टीएएफ) के लिए सामान्य मूल्य

28. टीएएफ ने उसके द्वारा विनिर्मित और बिक्रीकृत संबद्ध वस्तु की घरेलू बिक्री तथा निर्यात बिक्री के विवरण युक्त एक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है। सामान्य मूल्य की संगणना करने के लिए संबद्ध वस्तु की घरेलू बिक्री पर परिशिष्ट-I में सत्यापित आंकड़ों के आधार पर विचार किया है। यह सत्यापित किया गया था कि घरेलू बिक्री का 45.93 प्रतिशत लाभप्रद बिक्रियां हैं और सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए उन पर ही विचार किया गया है। प्राधिकारी ने यथादावाकृत समायोजनों का अनुपालन किया है। उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करते हुए प्राधिकारी द्वारा फैक्टरी बाह्य स्तर पर निर्धारित सामान्य मूल्य अधोलिखित पाटन माज्रिन तालिका में दिया गया है।

थाईलैंड के अन्य सभी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

29. वर्तमान जांच में थाईलैंड के अन्य किसी भी निर्यातक द्वारा निर्धारित प्रश्नावली प्रत्युत्तर प्राधिकारी के समक्ष दायर नहीं किया गया है। इसलिए, प्राधिकारी थाईलैंड से सहयोगकर्ता निर्यातकों के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य को थाईलैंड से अन्य सभी निर्यातकों के लिए भी अपनाते है।

कोरिया आरपी के लिए सामान्य मूल्य

30. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कोरिया आरपी के किसी भी निर्यातक ने निर्धारित प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है। चूंकि उस देश में किसी भी उत्पादक/निर्यातक द्वारा कोरिया आरपी में उत्पादन लागत या तृतीय देशों को किए गए निर्यात से संबंधित सूचना, वास्तविक घरेलू बिक्री के बारे में सूचना और अन्य सूचना प्रश्नावली के अनुरूप प्रस्तुत नहीं की गई है इसलिए प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर विश्वास किया है। याचिकाकर्ताओं ने यह दावा किया है कि उन्होंने उस कीमत के संबंध में सूचना प्राप्त करने के लिए प्रयास किए थे जिस पर संबद्ध वस्तु का कोरिया आरपी की घरेलू बाजार में व्यापार किया जा रहा था। इस संबद्ध वस्तु की कोरिया आरपी में प्रचलित कीमत के संबंध में कोई अन्य तर्कसंगत साक्ष्य प्राप्त करने के भी प्रयास किए गए। याचिकाकर्ता कोरिया आरपी की घरोलू बाजार में संबद्ध वस्तु की कीमतों का साक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम रहे। इसलिए, सामान्य मूल्य का निर्धारण विनिर्मित मूल्य अधिगम का प्रयोग करते हुए किया गया है। प्राधिकारी द्वारा निर्धारित सामान्य मूल्य का अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

थाईलैंड के लिए निर्यात कीमत

मैसर्स थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड (टीएएफ) के लिए निर्यात कीमत

31. टीएएफ ने उसके द्वारा विनिर्मित और बिक्रीकृत संबद्ध वस्तु की घरेलू बिक्री तथा निर्यात बिक्री के ब्यौरे युक्त एक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है। निर्यात कीमत का निर्धारण परिशिष्ट-II में सत्यापित आंकड़ों के आधार पर किया गया है। यथादावाकृत समुद्री मालभाड़ा, समुद्री बीमा, सीमाशुल्क प्रहस्तन एवं निकासी प्रभार, अंतरदेशीय परिवहन और क्रेडिट लागत का समायोजन करने की अनुमति देने के पश्चात प्राधिकारी द्वारा परिकलित फैक्टरी बाह्य स्तर पर निर्यात कीमत अधोलिखित पाटन माज्रिन तालिका में दी गई है।

थाईलैंड के अन्य सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

32. प्राधिकारी ने निवल निर्यात कीमत का निर्धारण जांच की अवधि के दौरान थाईलैंड से भारत को सहयोगकर्ता निर्यातकों के निर्यात आंकड़ों पर विचार करते हुए, सहयोगकर्ता निर्यातकों के लिए अनुमत समरूप समायोजनों की अनुमति देने के पश्चात, न्यूनतम निर्यात सौदा मूल्य के आधार पर किया है। प्राधिकारी द्वारा थाईलैंड के अन्य सभी निर्यातकों के लिए फैक्टरी बाह्य स्तर पर निर्धारित निवल निर्यात कीमत अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

कोरिया आरपी के लिए निर्यात कीमत

33. प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस आयात मात्रा के आधार पर आयात कीमत पर विचार किया है। समुद्री भाड़ा, सामुद्रिक बीमा, अंतरदेशीय भाड़ा, पत्तन व्यय और बैंक प्रभार के आधार पर समायोजन करने के पश्चात प्राधिकारी द्वारा परिकलित फैक्टरी बाह्य निर्यात कीमत अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

पाटन मार्जिन

34. फैक्टरी बाह्य सतर पर निर्धारित सामान्य मूल्य की तुलना पाटन माज्रिन का निर्धारण करने के लिए फैक्टरी बाह्य सतर पर निर्धारित संबंधित निवल निर्यात कीमतों से की गई है। पाटन माज्रिन अधोलिखित है :

पाटन मार्जिन तालिका

अधोलिखित के लिए पाटन मार्जिन का परिकलन	सामान्य मूल्य अमरीकी डालर/ एमटी	निर्यात कीमत यूएस डालर/ एमटी	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन %	पाटन मार्जिन रेंज %
मैसर्स थाई एक्रिलिक कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड	***	***	***	***	15-20
थाईलैंड के अन्य सभी	***	***	***	***	30-40

निर्यातक/उत्पादन					
कोरिया आरपी के सभी निर्यातक/उत्पादक	***	***	***	***	20-30

35. संबद्ध देशों से पाटन मार्जिन न्यूनतम से अत्यधिक ज्यादा है।

क्षति एवं कारणात्मक संबंधों का आकलन

क्षति एवं कारणात्मक संबंध

विदेश व्यापार विभाग, थाईलैंड सरकार के विचार

36. यह शुल्क लगभग 17 वर्षों से प्रभावी रहा है। थाईलैंड की थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी लिमिटेड, स्पेशियलिटी एक्रिलिक फाइबर का विनिर्माण करती है जिसका उत्पादन भारत में किसी भी घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और इसलिए इन उत्पादों के लिए घरेलू उद्योग को क्षतिकारित नहीं हो सकती है। थाईलैंड से कोई पाटन नहीं हुआ है।

विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार

37. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के विचार निम्नलिखित हैं :

(क) याचिका में यह उल्लेख किया गया है कि आयातों में "अधिक्रमी रूप से" वृद्धि हुई है, जबकि थाईलैंड से भारत को हुए आयात कमोबेश रूप से स्थिर बने रहे। थाईलैंड से भारत को एक्रिलिक फाइबर के आयातों में वर्ष 2009-10 से 2012-13 की अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है।

(ख) आवेदन में यथा अनुचिंतित कीमत प्रभाव के क्रमिक विकास के ग्राफ में यह दर्शाया गया है कि एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में गिरावट को एक्राइलोनाइट्राइल, जो एक्रिलिक फाइबर की कीमतों को शासित करने वाला प्रमुख कारक है, की कीमतों पर उपरोपित किया जा सकता है और अप्रैल/मई 2012 के पश्चात एक्राइलोनाइट्राइल की कीमतों में प्रपाती कमी आई, जो एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में प्रतिबिम्बित हुई है।

(ग) याचिकाकर्ता ने आयातित संबद्ध वस्तु के कारण कीमत निग्रहण प्रभाव का दावा किया है। याचिका में यथाउल्लिखित "बिक्री की लागत" में भाड़ा तथा अन्य बिक्री व्यय शामिल होना चाहिए। बिक्री लागत की तुलना बिक्री कीमत से करने का आशय कोई खास नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, बिक्री की गई वस्तु की लागत और राजस्व की तुलना में बिक्रियों की लागत बहुत कम संख्या में है। तथापि, एक्रिलिक फाइबर की कीमत काफी हद तक एक्रिलोनाइट्राइल की कीमतों पर निर्भर करती है।

(घ) मैसर्स इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड की दिनांक 31.03.2013 को समाप्त अवधि के लिए निदेशकों की रिपोर्ट से उद्धारण यह दावा करता है कि चालू वर्ष के दौरान समग्र बिक्री में कमी आने के बावजूद ब्याज पूर्व सकल लाभ, अवक्षयण ब्याज एवं जीपीबीआईडीटी) उच्चतर है।

(ङ) घरेलू बिक्री में सतत वृद्धि हुई है। यह भी नोट किया जा सकता है कि उत्पादन में कमी वर्ष 2012-13 निर्यात बाजार में न्यूनतर मात्रा के कारण और वर्ष 2011-12 में परिष्कृत वस्तु की मालसूची में 3772 एमटी तक की कमी आने के कारण हुई जिससे उत्पादन 1816 एमटी तक घट गया।

(च) आवेदनगण यह भी प्रदर्शित करने में असफल रहे कि बिक्री मात्रा में भारी गिरावट आई है और उन्होंने खोई संविदाओं तथा गिरती बिक्री का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

(छ) मालसूची में कमी होना घरेलू उद्योग की स्वस्थ स्थिति का स्पष्ट संकेतक है।

(ज) आयात देश में मांग के अंतराल को पूरा करने के लिए ही किए गए है।

(झ) जर्मनी से होने वाले आयात में पिछले कुछ वर्षों से सतत वृद्धि हुई है। जर्मनी से आयात की गई अधिकांश सामग्री वर्धमान ग्रुप द्वारा आयात की गई है जिससे यह सिद्ध होता है कि विभिन्न प्रौद्योगिकियों और विभिन्न

तकनीकों द्वारा विनिर्मित फाइबर का विभिन्न अनुप्रयोग हो सकता है। अत:, भारतीय विनिर्मातागण अपनी घरेलू बाजार में अपने फाइबर की बिक्री करने से असमर्थ रहने पर विभिन्न ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों से विनिर्मित विभिन्न प्रकार के फाइबर का आयात कर रहे हैं।

(ञ) याचिकाकर्ता की वार्षिक रिपोर्टों में विभिन्न कारण दर्शाए गए हैं। उपलब्ध साक्ष्य (भारतीय एक्रिलिक लिमिटेड और पशुपति एक्रिलान लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्टों में) दर्शाता है कि आवेदनकर्ताओं के क्षति के दावों में और इन रिपोर्टों में यथा प्रतिबिम्बित तथ्यों में गंभीर विरोधाभास मौजूद है। मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड उज्जवल आकलन प्रदर्शित किया है जिसमें विदेशी प्रतिस्पर्धा के कारण हुई किसी भी क्षति कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

(ट) इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि वह काफी हद तक आयातित कच्चे माल पर निर्भर हैं और क्रूड आयल नेफ्था और गैस की कीमतों में अचानक वृद्धि का भी कंपनी पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

(ठ) इन घरेलू उत्पादकों ने संवेदनशील कारकों जैसे कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक बाजार में कम होती मांग को माना है और उनकी पहचान की है जिसके कारण न्यूनतर क्षमता उपयोग, आईएनआर की तुलना में यूएसडी में वृद्धि होने और चुनौती के रूप में उच्चतर उधार लागत हुई और जांच की अवधि के रूप निर्दिष्ट वर्षों के दौरान भारत में घरेलू उद्योग के समक्ष उपस्थित राजस्व घाटा प्रमुख कारक है।

(ड) कथित पाटन के अलावा उनके अल्प निष्पादन के लिए जिन अन्य प्रमुख कारकों को उदधृत किया गया है उनमें निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य, जैसे मुद्रा में उतार-चढ़ाव, अन्य फाइबरों के साथ प्रतिस्पर्धा में अचानक वृद्धि, पण्य वस्तुओं की कीमतों में उदारता और यूरो जोन का संकट प्रमुख हैं।

(ढ) यह तथ्य कि घरेलू उत्पादों में से एक घरेलू उत्पादक का निष्पादन अन्य दो घरेलू उत्पादकों निष्पादन से बेहतर है, पर्याप्त रूप से यह सिद्ध करता है कि यदि कोई क्षति हुई है तो वह स्वयं अपने ही कार्यों से और घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है।

(ण) वास्तव में यह अजीब है कि एक ओर तो घरेलू उद्योग के उत्पादन में गिरावट आ रही थी वहीं दूसरी ओर इसने अधिक लोगों को रोजगार देने का चयन किया (क्षति अवधि में 5 प्रतिशत वृद्धि), जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत बढ़ गई। घटते उत्पादन के परिदृश्य में अधिकाधिक लोगों को सेवायोजित करने में उत्पादकता में कमी आई। यह स्वोदभूत क्षति का बड़ा मामला है और इसके लिए कथित पाटन को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता हैं।

(त) यह आवेदन अंतत: लाभ की संगतता और महत्व पर निर्भर करता है परंतु यह उल्लेख नहीं करता है कि तर्कसंगत लाभ और वह भी विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में क्या होना चाहिए।

(थ) घरेलू उद्योग द्वारा अन्य कारकों से सहन की गई क्षति को कथित पाटन पर उपरोपित नहीं किया जाना चाहिए।

(द) एक आवेदक ने तो इस तथ्य के बाबजूद कि घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तु का भारी मात्रा में निर्यात कर रहा था जिसके कारण आधार वर्ष अर्थात वर्ष 2009-10 की अवधि की तुलना में जांच की अवधि में घटकर लगभग आधी रह गई है, अपने निर्यात निष्पादन के बारे में कुछ भी उल्लेख करने का चयन किया है। इसके बजाय, आवेदक ने केवल यह उल्लेख किया है कि उसने घरेलू बिक्रियों के लिए लागतकरण और क्षति सूचना प्रदान कर दी है, जो घरेलू उद्योग के कम होते निर्यात निष्पादन पर विपरीत प्रभाव नहीं डालता है। यह एक गंभीर चूक है ओर केवल इस आधार के कारण ही इस जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

(ध) आवेदक ने जानबूझकर त्रुटिपूर्ण सूचना/आंकड़े प्रदान किए है। यह अनुरोध किया जाता है कि इस जांच को केवल इसी आधार पर समाप्त कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त, कथित पाटित वस्तुओं और घरेलू उद्योग को कथित क्षति के बीच कारणात्मक संबंधों का अभाव है।

घरेलू उद्योग के विचार

38. घरेलू उद्योग ने अपने प्रस्तुतिकरणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित तर्क दिए हैं :

(i) संबद्ध देशों से संबंधित उत्पाद का निरंतर पाटन हुआ है।

(ii) यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उत्पाद के पाटन में और अधिक तीव्रता आने की संभावना है।

(iii) थाईलैंड से आयातों की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है। वास्तव में, थाईलैंड से आयातों की मात्रा में मौजूदा अवधि में गोचर वृद्धि हुई है। आयातों में यह वृद्धि उन भारी आयातों के बावजूद है जो मिस्र से घटित हो रहे हैं, यह वह निर्यात हैं जो संबद्ध पक्षकार द्वारा किए गए है। वास्तव में यह याचिकाकर्ता की समझ है कि थाईलैंड और इजिप्ट दोनों से एक ही टीम निर्यात कर रही है।

(iv) यद्यपि, भारतीय सीमाशुल्क द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़ों से आयात की मात्रा में गिरावट प्रदर्शित होती है परंतु कोरियाई सीमाशुल्क द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े यह प्रदर्शित करते हैं कि भारत को एक्रिलिक फाइबर का भारी मात्रा में निर्यात हुआ है। याचिकाकर्ता प्राधिकारी से यह अनुरोध करते हैं कि वे कोरिया से भारत को पाटित आयातों की मात्रा का आकलन करने के लिए कोरियाई सीमाशुल्क द्वारा रिपोर्ट की गई मात्रा पर विचार करें।

(v) भारतीय बाजार में संबद्ध देशों से पाटित कीमतों पर आयात का प्रवेश होना जारी बना हुआ है।

(vi) आयातों की मात्रा में समग्र रूप से और घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, देश में इस उत्पाद के उत्पादन और खपत के संगत रूप में वृद्धि हुई है।

(vii) कीमत अधोरदन पर्याप्तत: सकारात्मक है।

(viii) उत्पादन, क्षमता उपयोग, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, नकदी प्रवाह, मालसूची आदि के रूप में घरेलू उद्योग के निष्पादन में चालू क्षति अवधि में गिरावट आई है।

(ix) पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद घरेलू उद्योग के निष्पादन का अपकर्षण हुआ है। यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो घरेलू उद्योग के निष्पादन में और अधिक अपकर्षण होगा।

(x) बाजार में निरंतर पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को अपनी क्षमता का पूर्णतम उपयोग करने से वंचित किया गया।

(xi) घरेलू बाजार में बिक्री कीमत का सीधा संबंध आयात कीमतों से होता है। पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर देने से भारतीय बाजार में इन देशों से पाटन और भी अधिक बढ़ जाएगा। इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

(xii) बिक्री कीमत में किसी भी गिरावट का घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

(xiii) घरेलू उद्योग ने देश में इस उत्पाद के बढ़ते पाटन से क्षति सहन की है।

(xiv) यह तथ्य कि जांच की अवधि में एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में परिवर्तन एक्रिलोनाइट्राइल में हुए परिवर्तनों से अधिक आया, थाई एक्रिलिक फाइबर की लाभप्रदता की प्रवृत्ति से पूरी तरह से सिद्ध हो जाता है। निर्यातक ने इस बात से सहमति व्यक्त की है कि उसे जांच की अवधि में वित्तीय घाटा हुआ इसका आशय यह है कि एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में एक्रिलोनाइट्राइल की कीमतों में हुए परिवर्तन की तुलना में कम परिवर्तन हुआ।

(xv) टीएएफ इस बात से स्पष्ट रूप से सहमत है कि एक्रिलिक फाइबर की कीमतें काफी हद तक एक्रिलोनाइट्राइल की कीमतों पर निर्भर होती है। जहां तक भाड़ा और बिक्री लागत के अंतर्गत शामिल बिक्री व्यय पर होने वाले व्ययों को शामिल करने का संबंध है याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करता है कि उचित तुलना सुनिश्चित करने के लिए इन व्ययों को वास्तव में सभी प्रयोजनों के लिए शामिल करना अपेक्षित होता है। आयातों की उतराई कीमत में भी भाड़ा तथा अन्य बिक्री व्यय शामिल होते हैं और इसलिए सही तुलना सुनिश्चित करने के लिए

आयातित उत्पाद कीमत से तुलना करने से पहले घरेलू बिक्री कीमत और घरेलू उत्पादन लागत में भाड़ा और प्रत्यक्ष बिक्री व्यय को जोड़ना उपयुक्त होगा।

(xvi) जहां तक भारतीय उत्पादकों उच्चतर उधार लागत का संबंध है, याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करते हैं कि विधि की यह एक सुविख्यात सुस्थापित स्थिति है कि घरेलू उद्योग को आदर्श स्थिति के अंतर्गत देखने के बजाय उस स्वरूप और ढंग से देखने की आवश्यकता है जिसके अंतर्गत इसकी स्थापना की गई थी। इसके अतिरिक्त, समान स्तर की उधार लागत से वर्तमान अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन में भारी गिरावट आई है जिससे यह स्पष्टत: सिद्ध होता है कि निष्पादन में होने वाला अपकर्षण उधार लागत के कारण नहीं हुआ है।

(xvii) घरेलू उद्योग ने स्वयं याचिका में प्रसंभावना के संबंध में विस्तृत सूचना प्रदान कराई है, जिसका अगोपनीय पाठ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करा दिया गया है। वास्तव में प्रसंभावना सूचना प्रदान कराने के लिए कोई विहित जरूरत नहीं है इसके बावजूद भी याचिकाकर्ता ने अपने ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर यह सूचना प्रदान की है।

(xviii) यूरो जोन संकट के कारण यूरोप में अनुप्रवाही उत्पादों के लिए मांग गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक्रिलिक फाइबर की खपत में कमी आई है। परिणामस्वरूप, टीएएफ जैसी कंपनियों के लिए एक्रिलिक फाइबर की मांग में कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप टीएएफ जैसी कंपनियों ने ऐसी सीमा तक आक्रामक कीमत निर्धारण करने का आश्रय लिया कि वे अपने उत्पाद की बिक्री गृह बाजार कीमतों और उत्पादन लागत से भी कम कीमत पर करने लगे। अत:, टीएएफ ने अपने उत्पाद की बिक्री वास्तविक लागत से कम पर करनी शुरू कर दी और उसे जांच की अवधि के दौरान वित्तीय घाटा उठाना पड़ा। टीएएफ द्वारा अपनाई गई आक्रमक कीमत निर्धारण के कारण, भारतीय कंपनियों जैसे उत्पादकों को क्षति सहन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, फिर भी इस विचाराधीन उत्पाद के भारतीय आयातकों का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उस सीमा तक विगोपन नहीं किया जा सका और इसलिए उन पर यूरो जोन संकट की कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ा।

(xix) मालसूची में कमी को उत्पादन प्रवृत्ति के साथ जोड़कर देखना अपेक्षित है। यह देखा जा सकता है कि मालसूची में गिरावट इसलिए आई क्योंकि उत्पादन में कमी कर दी गई थी। घरेलू उद्योग के साथ विकल्प यही था कि वह या तो उत्पादन और बिक्री करें या मालसूची संग्रह करें।

(xx) यह देखा जा सकता है कि कर्मचारियों की संख्या में वर्ष 2011-12 तक वृद्धि हुई और फिर जांच की अवधि में इसमें मामूली सी गिरावट आई।

(xxi) इस आवेदनपत्र को तर्क संगत लाभ के स्तर के संबंध में देखने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि युक्तियुक्त लाभ के स्तर के संबंध में प्राधिकारी की एक सुनिर्धारित प्रक्रिया है। प्राधिकारी लगाई गई पूंजी पर 22 प्रतिशत प्रतिलाभ को तर्कसंगत लाभ के रूप में मानते हैं। जहां तक विपरीत आर्थिक परिस्थितियों का संबंध है, वह पूर्णतया असंगत है। विभिन्न/न्यूनतर स्तर के लाभ की मांग करते हुए इस उत्पाद में विपरीत आर्थिक परिस्थितियों जैसा कुछ भी नहीं है। संभवत:, विपरीत आर्थिक परिस्थितियां तो निर्यातक के लिए हैं, क्योंकि निर्यातक को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा जहां उसे अपने उत्पाद के 90 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन करना पड़ा। याचिकाकर्ताओं की पर्याप्त घरेलू मांग है और वे अपना संपूर्ण उत्पाद घरेलू बाजार में आसानी से बेच सकते हैं।

(xxii) घरेलू उद्योग का निष्पादन वर्ष 2010-11 तक बहुत अच्छा था और अत: यह दर्शाता है कि याचिकाकर्ता ने प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की मध्यावधि समीक्षा करने का प्रस्ताव क्यों नहीं किया। क्षमता उपयोग और लाभ की प्रवृत्ति यह प्रदर्शित करती है कि वर्ष 2011-12 तक प्रपाती गिरावट आई है।

(xxiii) निर्यातकों ने ब्याज पूर्व लाभ और अपक्षयण का उल्लेख किया है जबकि संगत विधिक अपेक्षा कर-पूर्व लाभ होती है। यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग के लाभ, ब्याज पूर्व लाभ, नकद लाभ और ब्याज एवं कर पूर्व लाभ में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है।

(xxiv) निर्यातक ने विहित प्रश्नावली के भाग-II का प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है और इसलिए उसे संभाव्यता के संबंध में कुछ भी तर्क देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोई निर्यातक प्रसंभाव्यता के संबंध में केवल तभी प्रस्तुतिकरण कर सकता है जब उस निर्यातक ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया हो। ऐसा न करने पर, सार्वजनिक

रूप से उपलब्ध सूचना स्पष्टतया यह दर्शाती है कि निर्यातक तीसरी दुनिया के देशों में भी पाटन का आश्रय ले रहा है।

(xxv) घरेलू उद्योग द्वारा सहन की गई क्षति का पाटित आयातों के साथ सीधा संबंध है। जैसाकि पहले प्रस्तुत किया जा चुका है वार्षिक रिपोर्टों में अभिज्ञात अन्य कारकों का प्रभाव प्रासंगिक रूप से आयातों से प्रतिस्पर्धा में परिणति प्राप्त करता है।

(xxvi) नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के समग्र निष्पादन पर विचार करना होता है। केवल यह तथ्य कि एक उत्पादक का निष्पादन अन्यों की तुलना में सुव्यक्त रूप से बेहतर है, से यह आशय प्राप्त नहीं हो जाता है कि उत्पादक को क्षति नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकारों ने स्वयं यह तर्क दिया है कि वर्धमान एक्रिलिक के 70 प्रतिशत उत्पादन की बिक्री उनकी अपनी ग्रुप कंपनी को की जाती है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि वर्धमान का निष्पादन, जिस हद तक वह अपनी बिक्री अपनी सहबद्ध कंपनियों को करता है, देश में इस उत्पाद के पाटन से प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति होने पर यह स्पष्ट है कि वर्धमान का निष्पादन, किसी भी हाल में, घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का संकेतक नहीं है। वर्धमान के निष्पादन को घरेलू उद्योग के दायरे से पृथक कर दिया जाना चाहिए और पशुपति तथा इंडियन एक्रिलिक के निष्पादन पर ही घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण करने के लिए विचार किया जाना चाहिए। घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा का आशय आयातों के हुई क्षति की गैर-मौजूदगी नहीं है। वास्तव में, परस्पर प्रतिस्पर्धा तो होगी ही और अभिन्न रूप से होनी भी चाहिए और परस्पर प्रतिस्पर्धा न होने की स्थिति में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग का ध्यान आकृष्ट किया जाना चाहिए।

(xxvii) निर्यातक ने प्राधिकारी से प्रमुख सूचनाप का निग्रहण किया है और उसने प्रश्नावली के भाग-II का प्रत्युत्तर भी दायर नहीं किया है जिसका आशय यह है कि प्राधिकारी अपनी विगत जांचों में अनुप्रयोग की गई संगत परम्परा पर विचार करते हुए और डक्टाइल आयरन पाइप के मामले में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी इस संपूर्ण प्रत्युत्तर को नामंजूर कर सकते हैं।

(xxviii) भारत में मांग आपूर्ति के बीच अंतर की चिंता थाईलैंड के उत्पादक को नहीं होनी चाहिए। घरेलू उद्योग ने इस अवधि के दौरान अपना उत्पादन और उसकी बिक्री खो दी है। किसी भी हाल में, किसी देश में मांग आपूर्ति के बीच अंतर होना देश में उत्पाद के पाटन को न्यायोचित नहीं ठहराता है। इसके विपरीत, मांग आपूर्ति के बीच अंतर होने की स्थिति में, कोई निर्यातक अपने उत्पाद की बिक्री उचित कीमत पर कर सकता है। निर्यातकों को उस देश में अपने उत्पाद का पाटन करने का आश्रय नहीं लेना चाहिए।

(xxix) एक उपभोक्ता ने यह तर्क दिया है कि पाटनरोधी शुल्क के परिणामस्वरूप अनुप्रवाही उद्योग की प्रगति अवरूद्ध हुई है जबकि एक अन्य उपभोक्ता ने यह तर्क दिया है कि कंपनी को इस भारी विकास का अनुभव हुआ है। इसलिए, इससे यह स्पष्ट होता है कि इस तर्क में कोई सच्चाई नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क के कारण अनुप्रवाही उद्योग की प्रगति अवरूद्ध हुई है। इसके अतिरिक्त, किसी भी अन्य उपभोक्ता ने यह दावा नहीं किया है कि उन्होंने पाटनरोधी शुल्क के कारण अपने उत्पादन में कमी की है। यह इस मामले में भारी संख्या में उपभोक्ताओं की मौजूदगी/प्रतिभागिता के बावजूद हुआ है।

(xxx) एक उपभोक्ता ने यह तर्क दिया है कि इंडियन एक्रिलिक, पशुपति एक्रिलान और वर्धमान द्वारा उत्पादित वस्तु भिन्न-भिन्न हैं, वहीं दूसरे उपभोक्ता ने यह तर्क दिया है कि वह सभी तीनों आपूर्तिकर्ताओं से फाइबर की खरीद कर रहा है। इससे उनके तर्कों में विरोधाभास स्पष्ट प्रदर्शित होता है। हर हाल में, यह तर्क प्राधिकारी के पिछले जांच परिणामों के विपरीत है। विगत में प्राधिकारी ने यह प्रतिपादित किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु समान मद हैं।

(xxxi) एक उपभोक्ता ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि आयातों में शुल्क मुक्त आयात भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करते हैं कि हालांकि यह सत्य है कि थाईलैंड से यह विचाराधीन उत्पाद के शुल्क मुक्त आयात भी हुए है, परंतु वह आयात किस हद तक हुए हैं उसकी सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, किसी भी हाल में, इन आयातों पर पाटनरोधी शुल्क से छूट से यह सिद्ध होता है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने या उसकी

निरंतरता बनाए रखने से, जहां तक शुल्क मुक्त आयातों का संबंध है, उपभोक्ताओं के हित पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं होते हैं। तथापि, शुल्क मुक्त आयात भी घरेलू उद्योग पर अपने विपरीत कीमत प्रभाव के रूप में क्षति कर रहे हैं।

(xxxii) उपभोक्ताओं में से एक उपभोक्ता ने यह तर्क दिया है कि थाईलैंड से आयातों में वृद्धि भारत में दो अन्य कंपनियों द्वारा अपना उत्पादन बंद कर देने के कारण हुई है। याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करते हैं कि अन्य घरेलू उत्पादकों ने वर्ष 2006-07 में अपना प्रदाय कम कर दिया था और तत्पश्चात उन्होंने अपनी आपूर्तियां बिल्कुल बंद कर दी थीं। तथापि, थाईलैंड से आयातों में वर्ष 2011-12 से उद्रेक आया है।

(xxxiii) थाई एक्रिलिक फाइबर की क्षमता में निरंतर वृद्धि हुई है जबकि उसकी घरेलू बाजार में इस विचाराधीन उत्पाद की खपत में उसके उत्पादन में वृद्धि के अनुरूप वृद्धि नहीं हुई। इससे यह सिद्ध होता है कि थाईलैंड से आयातों में यह वृद्धि थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा बार-बार विस्तार किए जाने के कारण हुई है, जिसका उद्देश्य भारत (जो इस विचाराधीन उत्पाद की खपत करने वाली बड़ी बाजारों में से एक है) सहित वैश्विक बाजारों में आपूर्ति करना था। चूंकि थाई एक्रिलिक फाइबर ने अपनी क्षमताओं में वृद्धि घरेलू बाजार में वृद्धि के बिना की है, इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि कंपनी को भारतीय बाजार एक बहुत बड़े व्यवसाय अवसर के रूप में लगा हो। वास्तव में, न केवल वर्तमान प्रक्रिया में भाग लेकर बल्कि भारी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिभागिता पूलिंग करके थाई एक्रिलिक फाइबर का पाटनरोधी शुल्क में प्रतिसंहरण प्राप्त करने का वर्तमान प्रयास यह दर्शाता है कि उसे ऐसा पर्याप्त मांग के अभाव को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा महसूस किए गए बिक्री दबाव के कारण करना पड़ा। यह इस तथ्य से और भी अधिक स्पष्ट हो जाता है कि सुनवाई में भाग लेने वाले सभी उपभोक्ताओं ने या उन सभी उपभोक्ताओं ने जिन्होंने इस सुनवाई में प्रतिभागिता करने की अनुमति मांगी थी, केवल थाई एक्रिलिक फाइबर की ओर से ऐसा किया था।

(xxxiv) थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा अपनी क्षमताओं में किया गया उपर्युक्त विस्तार भारतीय घरेलू उद्योग जैसे सुस्थापित उत्पादकों के लिए ऐसी स्थिति में और भी अधिक चिंताजनक एवं घातक है जहां यह वैश्विक रूप से ज्ञात हो कि एक्रिलिक फाइबर की मांग में भारी वृद्धि प्रदर्शित नहीं हो रही है। वास्तव में, एक्रिलोनाइट्राइल (एक्रिलिक फाइबर का उत्पादन करने के लिए एक प्रमुख कच्चा माल) के बड़े उत्पादकों में से एक ने यह उल्लेख किया था कि एक्रिलिक फाइबर की मांग एशिया और चीन में, वैश्विक रूप से स्थिर है। वैश्विक रूप से व्याप्त इन परिस्थितियों के अंतर्गत और अल्प घरेलू मांग के बावजूद; थाई एक्रिलिक फाइबर ने अपनी क्षमता में भारी विस्तार कर लिया। तत्पश्चात, कंपनी एक संयंत्र मिस्र में स्थापित किया जिसके संपूर्ण विश्व में अन्य उत्पादकों द्वारा वहन की जा रही क्षति और भी अधिक बढ़ गई। वास्तव में, थाई एक्रिलिक फाइबर ने सुनवाई के समय यह उल्लेख किया कि उसे मौजूदा जांच की अवधि में वित्तीय घाटा हुआ है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

39. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने प्रस्तुतिकरणों में किए गए विभिन्न तर्कों पर विचार किया है और घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता के मुद्दे की जांच प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत इन तर्कों के आलोक में की गई है। प्राधिकारी को उपलब्ध आंकड़ों और सूचना के आधार पर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते है कि संबद्ध देशों से मौजूदा पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तर से अधिक है। इसलिए, प्राधिकारी संबद्ध देशों से आयातों के कारण पाटन और क्षति की प्रसंभाव्यता के पहलुओं की जांच करने से पहले घरेलू उद्योग को मौजूदा क्षति, यदि कोई है, की जांच की कार्रवाई करते हैं।

40. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए विभिन्न तर्कों के संबंध में प्राधिकारी निम्नलिखित प्रेक्षण करते हैं :

(क) निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में घरेलू उद्योग यह दावा किया है आयातों में "अधिक्रमी रूप से" वृद्धि हुई है जबकि थाईलैंड से भारत को आयात कमोबेश रूप से स्थिर बने रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि थाईलैंड से आयातों में पाटनरोधी शुल्क पहले से ही प्रभावी होने के बावजूद भारी वृद्धि हुई है।

(ख) निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में कि एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में गिरावट का एक्रिलोनाइट्राइल की कीमतों पर उपरोपित किया जा सकता है, यह नोट किया जाता है कि एक्रिलिक फाइबर की कीमतों में हुआ परिवर्तन एक्रिलोनाइट्राइल की कीमतों में हुए परिवर्तन की तुलना में कम परिवर्तन हुआ है।

(ग) निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में कि "बिक्री लागत" में भाड़ा तथा अन्य बिक्री व्यय शामिल होते है, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत का निर्धारण, आयातों की उतराई कीमत से उसकी तुलना करने से पहले, भाग तथा अन्य बिक्री व्यय को घटाने के पश्चात ही किया है।

(घ) इस तर्क के संबंध में याचिकाकर्ता कंपनियों में से एक कंपनी की निदेशकों की रिपोर्ट में समग्र बिक्रियों में गिरावट के बावजूद ब्याज पूर्व अवक्षयण ब्याज और कर पूर्व उच्चतर लाभ का दावा किया गया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लाभ में क्षति अवधि के दौरान समग्र रूप से गिरावट आई है। नियम में प्राधिकारी से "घरेलू उद्योग पर समग्र रूप से" विचार करने की अपेक्षा की जाती है। क्षति निर्धारण घरेलू उद्योग के केवल एक संघटक के आंकड़ों पर विचार करके नहीं किया जा सकता है।

(ङ) घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के क्षति अवधि के दौरान के निष्पादन की जांच की गई है जो वर्ष 2009-10 से प्रारंभ होता है न कि वर्ष 2010-11 से। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग से संबंधित क्षति के सभी संगत पैरामीटरों की जांच की है और घरेलू उद्योग के निष्पादन के संबंध में निष्कर्ष उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, बाजार हिस्सा, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, नकद लाभ आदि जैसे सभी संगत पैरामीटरों पर विचार करने के पश्चात ही निकाला है।

(च) इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने खोई संविदाओं अथवा बिक्री में गिरावट का कोई साक्ष्य नहीं दिया है; यह स्पष्ट किया जाता है कि नियम में यह अपेक्षा की जाती है कि प्राधिकारी घरेलू उद्योग के निष्पादन पर विचार नियमावली में निर्धारित विभिन्न पैरामीटरों पर विचार करके करेंगे। यद्यपि अप्राप्त संविदा क्षति का पैरामीटर नहीं हो सकता है, फिर भी अप्राप्त संविदा की गैर-मौजूदगी का आशय यह नहीं हो सकता है कि घरेलू उद्योग को क्षति हुई ही नहीं है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग को बिक्री मात्रा में गिरावट सहन करनी पड़ी है, जो स्वत: यह सिद्ध करती है कि उपभोक्तागण अपनी जरूरतों के लिए क्रय आदेश घरेलू उद्योग को न देकर, आयातों को देना पसंद करते हैं।

(छ) इस तर्क के संबंध में कि मालसूची में कमी घरेलू उद्योग की बेहतर स्थिति का संकेतक है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति के संबंध में निष्कर्ष विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों पर किए गए विचार पर आधारित होता है। यह निष्कर्ष चुनिंदा रूप से किसी एक पैरामीटर पर विचार करके नहीं निकाला जा सकता है।

(ज) इस तर्क के संबंध में कि यह आयात देश में मौजूद मांग के अंतराल को पूरा करने के लिए किए गए है; प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि मांग आपूर्ति में अंतर होना किसी देश में किसी उत्पाद के पाटन को न्यायोचित नहीं ठहराता है। इसके विपरीत, मांग आपूर्ति के बीच अंतर होने पर निर्यातकगण उस देश में अपने उत्पाद की बिक्री अपाटित कीमतों पर आसानी से कर सकते हैं।

(झ) इस तर्क के संबंध में कि निर्यातक ने प्रश्नावली के भाग-II का प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है और इसलिए उसे संभाव्यता के संबंध में कोई भी तर्क देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि निर्यातक से यह कहा गया था कि वह विहित स्वरूप और ढंग से प्रश्नावली के भाग-2 का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करे और निर्यातक ने यह प्रत्युत्तर प्रस्तुत कर दिया है।

(ञ) इस तर्क के संबंध में कि कोरियाई सीमाशुल्क आंकड़ों द्वारा रिपोर्ट किए गए निर्यातों की मात्रा भारत में एक्रिलिक फाइबर के निर्यातों की भारी मात्रा को प्रदर्शित करते हैं; प्राधिकारी ने इस तथ्य की जांच उपलब्ध सूचना के आलोक में की है और उस पर क्षति की प्रसंभावना के प्रयोजनार्थ विचार किया है।

(ट) इस तर्क के संबंध में कि थाईलैंड से आयातों में वृद्धि थाई एक्रिलिक फाइबर द्वारा अपनी क्षमता में विस्तार किए जाने के परिणामस्वरूप हुई है; प्राधिकारी ने इस तथ्य की जांच की है और उस पर क्षति की संभावना के प्रयोजनार्थ विचार किया है।

(ठ) सार्वजनिक सुनवाई में कुछ उपभोक्ताओं के इस तर्क के संबंध में पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण का प्रभाव अनुप्रवाही उद्योग पर पड़ा है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकारों ने यह सिद्ध नहीं किया है

कि पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण का अनुप्रवाही उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगभग काफी समय से प्रभावी रहा है और प्राधिकारी के रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि उसका विपरीत प्रभाव पड़ा है।

(ड) सार्वजनिक सुनवाई में एक उपभोक्ता द्वारा उठाए गए शुल्क मुक्त आयातों के मुद्दे के संबंध में; यह नोट किया जाता है कि आयातकों के हितों पर शुल्क मुक्त आयातों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं होता है।

(ढ) सार्वजनिक सुनवाई में एक उपभोक्ता द्वारा उठाए गए इस तर्क के संबंध में कि आयातों में यह वृद्धि अन्य दो भारतीय उत्पादकों के संयंत्र बंद होने के कारण हुई है; प्राधिकारी ने इस संबंध में ऐतिहासिक आंकड़ों की जांच की है और यह नोट किया है कि अन्य घरेलू उत्पादकों ने वर्ष 2006-07 में अपनी आपूर्तियां कम कर दी थीं और तत्पश्चात उन्हें बिल्कुल बंद कर दिया था। तथापि, थाईलैंड से आयातों में यह वृद्धि तो वर्ष 2011-12 और उसके पश्चात से प्रारंभ हुई है।

(ण) इस तर्क के संबंध में कि पिछले कुछ वर्षों में जर्मनी से आयात में लगातार वृद्धि हुई है, यह नोट किया जाता है कि जर्मनी से आयातों की उतराई कीमत क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना में बहुत अधिक है और इस प्रकार उससे घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

(त) निर्यातक के इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ताओं की वार्षिक रिपोर्टें यह दर्शाती है कि क्षति भिन्न-भिन्न कारणों से हुई है और वार्षिक रिपोर्टों में दिए गए विवरणों तथा वर्तमान प्रस्तुतिकरणों में भारी विरोधाभास है, यह नोट किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्टों में व्यापक आर्थिक स्थिति के संबंध में विवरण दिया जाता है कि क्योंकि कंपनियों को अपने समग्र व्यवसाय की स्थिति के बारे में अपने पणधारियों और शेयरधारकों को सूचना प्रदान करनी होती है जबकि प्राधिकारी जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षति का निर्धारण करने के लिए केवल घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद के प्रचालनों पर ही विचार करते हैं। चूंकि वार्षिक रिपोर्टों में दिए गए विवरण सभी पणधारियों से संगत होते हैं, इसलिए इनमें कच्चे माल, उत्पाद और अनुप्रवाही उत्पाद से संबंधित सूचना होती है जबकि प्राधिकारी को नियमावली के अनुबंध-II के प्रावधानों के अनुसार घरेलू उत्पादन के केवल उस उत्पाद के उत्पादन के संबंध में ही सूचना पर विचार करना अपेक्षित होता है। इस संबंध में नियमावली के अनुबंध-II में प्रावधान है कि पाटित आयातों के प्रभाव का आकलन समान उत्पाद के घरेलू उत्पादन के संबंध में किया जाना चाहिए जब उपलब्ध आंकड़े उस उत्पाद के पृथक अभिज्ञान की अनुमति देते हो। यह केवल एक ऐसी स्थिति में किया जा सकता है जहां उस उत्पाद का पृथक अभिज्ञान संभव न हों, कि पाटित आयातों के प्रभाव की आकलन संकीर्णतम ग्रुप या उत्पादों की श्रृंखला, जिसमें समान उत्पाद भी शामिल हों, और जिनके लिए आवश्यक सूचना प्रदान कराई जा सकती है, के उत्पादन की जांच करके किया जा सकता है।

(थ) घरेलू उद्योग पर आयातित कच्चे माल की कीमतों के प्रभाव के संबंध में यह नोट किया जाता है कि यह एक वैश्विक घटना है। घरेलू उत्पादक और निर्यातक दोनों ही पर कच्चे माल में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव पड़ता है।

(द) भारतीय उत्पादकों की उच्चतर उधार लागत के तर्क के संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के वास्तविक निष्पादन की जांच करना अपेक्षित होता है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की क्षति सूचना की जांच की है और यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट सतत पाटन के कारण आई है, न कि उधार लागत के कारण। यह वह मामला नहीं है जहां घरेलू उद्योग की उधार लागत विगत में वास्तविक रूप से कम थी और इसमें जांच की अवधि के दौरान भारी वृद्धि हो गई हो।

(ध) हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में घरेलू उद्योग को क्षति निकृष्ट वैश्विक परिदृश्य जैसे मुद्रा में उतार-चढ़ाव, अन्य फाइबरों से प्रतिस्पर्धा में अचानक वृद्धि, पण्य कीमतों में कमी होना और यूरो जोन संकट के कारण हुई है, यह नोट किया जाता है कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव जैसे कारक कच्चे माल और परिष्कृत उत्पाद दोनों के लिए ही समान है। जहां तक अन्य फाइबरों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का संबंध है; आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि इस उत्पाद की

मांग में गिरावट अन्य फाइबरों से प्रतिस्पर्धा के कारण नहीं आई है। वास्तव में तो इस उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है।

(न) पण्य वस्तुओं की कीमतों में कमी होने या यूरो जोन संकट के प्रभाव के संबंध में दिए गए तर्क के बारे में यह नोट किया जाता है कि वह घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग के निष्पादन में आई गिरावट के लिए एक कारण नहीं हो सकता है। यह निर्धारण घरेलू उद्योग का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निष्पादन पर आधारित नहीं है। यह निष्कर्ष घरेलू उद्योग के घरेलू बाजार में निष्पादन पर आधारित है।

(ऩ) इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति स्व-प्रोद्भूत है और यह क्षति घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पार प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है; यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के निष्पादन पर समग्र रूप से जांच की है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा की मौजूदगी का आशय यह नहीं है कि आयात से कोई क्षति हुई ही नहीं है। उसके अतिरिक्त, यह नोट किया जाता है कि आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है।

(प) इस तर्क के संबंध में घटते उत्पादन के परिदृश्य में अधिक लोगों को रोजगार देने से उत्पादकता में कमी आई है प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उत्पादकता में यह गिरावट उत्पादन में गिरावट के परिणामस्वरूप आई है। इसके अतिरिक्त, यदि उत्पादकता पर विगत में भी समान स्तर पर विचार किया जाता है तो भी आंकड़े यह दर्शाते हैं कि लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाह में भारी कमी आई है।

(फ) तर्क संगत लाभ के संबंध में दिए गए तर्क के संबंध में यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी, एक परम्परा के रूप में, लगाई गई पूंजी पर 22 प्रतिशत प्रतिलाभ को तर्कसंगत लाभ के रूप में मानते हैं और इस मामले में भी उस पर ही विचार किया गया है।

(ब) इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को अन्य कारकों से हुई क्षति के लिए कथित पाटन को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है; प्राधिकारी संगत पैरामीटरों की जांच करने पर यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में कमी बाजार में पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण ही आई है।

(भ) घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के संबंध में यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन में भी गिरावट आई है। याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क दिया है कि यदि निर्यातों का अपवर्जन करके उत्पादन पर विचार किया जाता है तो यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग का उत्पादन अब भी भारी गिरावट दर्शा रहा है। इसके अतिरिक्त, किसी भी हाल में, प्राधिकारी ने लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, और नकद लाभ जैसे पैरामीटरों पर केवल घरेलू प्रचालनों के लिए विचार किया है।

(म) इस तर्क के संबंध में एक आवेदक ने जानबूझकर गलत सूचना/आंकड़े प्रदान कराए हैं और वस्तु के कथित पाटन तथा घरेलू उद्योग को कथित क्षति के बीच कारणात्मक संबंध का अभाव है, और इसलिए केवल इस आधार पर ही इस जांच को समाप्त किया जा सकता है, प्राधिकारी संपूर्ण जांच करने और घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराई गई सूचना का सत्यापन करने के पश्चात यह प्रतिपादित करते हैं कि घरेलू उद्योग को सतत पाटन के परिणामस्रूप सतत क्षति सहन करनी पड़ी है।

संचयी आकलन

41. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संचयी आकलन इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए नहीं किया है कि कोरिया से होने वाले आयात घरेलू उद्योग को क्षति का संचयी आकलन करने के लिए विधि के अंतर्गत अपेक्षित सीमा से कम है। इसलिए, घरेलू उद्योग को क्षति की जांच दो संबंध देशों के संबंध में की गई है।

42. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति निर्धारण की जांच में उन कारकों को शामिल किया जाएगा जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत मिलता हो। ".....पाटित आयातों की मात्रा, घरेलू बाजार में समान वस्तु की कीमतों पर उनके प्रभाव और इन आयातों का घरेलू उत्पादकों की समान वस्तु पर परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों पर विचार करते हुए" कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के प्रभाव पर विचार करते हुए यह जांच करना आवश्यक समझा जाता है कि क्या भारत में

समान वस्तु की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है या क्या इन आयातों का प्रभाव इन कीमतों को भारी मात्रा में निग्रह करने का है या इनसे कीमतें बढ़ने से वंचित किया जा रहा है जो अन्यथा भारी मात्रा में बढ़ी होती।

43. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी देशनांकों जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्रापण, पाटन का मार्जिन एवं मात्रा आदि पर पूर्वोक्त नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

44. वर्तमान जांच प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा जांच है। नियम 23 में प्रावधान है नियम 11 समीक्षा के मामलों पर भी यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होगा। इसलिए, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 पर, यथावश्यक परिवर्तनों सहित, विचार करते हुए किया है। इसके अतिरिक्त, चूंकि इस विचाराधीन उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क पहले ही प्रभावी है, इसलिए प्राधिकारी यह विचार करते हैं कि थाईलैंड और कोरिया आरपी से इस उत्पाद के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के तथ्यों पर घरेलू उद्योग को क्षति की जांच करते समय विचार करना अपेक्षित है। प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या क्षति कारित करने वाली पाटन का प्रतिरोध करने के लिए मौजूदा साधन आवश्यक है।

45. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9(क)(5) के अनुसार अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, यदि उसका पहले प्रतिसंहरण नहीं किया गया तो, ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जाएगा, बशर्ते कि केंद्रीय सरकार का, एक समीक्षा में, विचार हो कि, इस शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है तो केंद्रीय सरकार, समय-समय पर, ऐसे अधिरोपण की अवधि को पांच अन्य वर्षों के लिए बढ़ाएगी और यह बढ़ी हुई अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तारीख से प्रभावी होगी।

46. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों की मात्रा एवं कीमत प्रभाव और कीमतों पर इसके प्रभाव और लाभप्रदता एवं कीमतों पर इसके प्रभाव की जांच और पाटन एवं क्षति के बीच कारणात्मक संबंधों तथा क्षति की मौजूदगी की जांच की है। प्राधिकारी ने मैसर्स इंडियन एक्रिलिक लिमिटेड, मैसर्स वर्धमान एक्रिलिक लिमिटेड और मैसर्स पशुपति एक्रिलान लिमिटेड से संबंधित सूचना पर विचार करते हुए नियमों के अंतर्गत घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की जांच की है।

47. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों के विचारों पर वर्तमान जांच में संगत पाई गई सीमा तक विचार किया है और उनका समुचित रूप से निराकरण कर दिया है। प्राधिकारी ने नियमों के अनुसार क्षति पैरामीटरों का विश्लेषण किया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने, जहां कहीं आवश्यक हुआ, गोपनीयता प्रदान कर दी और ऐसी सूचना के गोपनीय के रूप में माना गया और उसका अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन नहीं किया गया। जहां कहीं संभव हुआ, वहां गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले पक्षकारों से यह अनुरोध किया गया कि वे गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रदान कराएं। तदनुसार, पाटित आयातों की मात्रा एवं कीमत प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है :

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

48. संबद्ध देशों से पाटित आयातों तथा अन्य देशों से आयातों की मात्रा प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है :

मांग और बाजार हिस्सा

49. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों तथा अन्य देशों से आयातों की कुल मात्रा एवं मूल्य का आकलन करने के लिए डीजीसीआईएंडएस से अवाप्त सौदावार आयात आंकड़ों पर विचार किया है। मांग और बाजार हिस्से संबंधित स्थिति निम्नलिखित हैं :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
आकलित मांग	एमटी	84,541	79,505	79,019	92,684
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	74,020	58,995	60,561	64,425
आयात – थाइलैंड	एमटी	5,124	4,811	6,146	10,427
आयात – कोरिया आरपी	एमटी	-	46	-	101
आयात – संबद्ध देश	एमटी	5,124	4,857	6,146	10,528
आयात – वह देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	2,775	5,822	3,841	5,689
आयात – अन्य देश	एमटी	2,622	9,830	8,471	12,042
मांग में बाजार हिस्सा					
घरेलू उद्योग	%	87.56%	74.20%	76.64%	69.51%
आयात – थाईलैंड	%	6.06%	6.05%	7.78%	11.25%
आयात – कोरिया आरपी	%	0.00%	0.06%	0.00%	0.11%
संबद्ध देश	%	6.06%	6.11%	7.78%	11.36%
वह देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	%	3.28%	7.32%	4.86%	6.14%
अन्य देश	%	3.10%	12.36%	10.72%	12.99%

50. उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते हैं घरेलू मांग में वर्ष 2010-11 और वर्ष 2011-12 में गिरावट आई और फिर जांच की अवधि में इसमें वृद्धि हुई। यद्यपि आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान थाईलैंड से आयातों में भारी वृद्धि हुई है वहीं कोरिया आरपी से आयातों की मात्रा जांच की अवधि और वर्ष 2010-11 में न्यून रही है। अन्य देशों, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है, (बेलारूस और जापान) से आयातों में भी क्षति अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि क्षति अवधि के दौरान एक नए स्रोत, मिस्र से भी आयातों में भारी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में आधार वर्ष और वर्ष 2011-12 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान भारी गिरावट आई है। तथापि, थाईलैंड से आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है।

आयात मात्रा और संबद्ध देशों का हिस्सा

51. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन और खपत के संगत रूप में वृद्धि हुई है। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II (ii) में निम्नवत प्रावधान है :

"पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय, उक्त प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन और खपत के संगत रूप से वृद्धि हुई है।"

52. डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों पर विचार करते हुए क्षति अवधि के लिए आयात मात्रा निम्नलिखित है :

आयातों का विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
आयात-थाईलैंड	एमटी	5,124	4,811	6,146	10,427
आयात-कोरिया आरपी	एमटी	-	46	-	101
संबद्ध देश	एमटी	5,124	4,857	6,146	10,528
वह देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	1,228	4,018	1,827	3,425
बेलारूस	एमटी	1,547	1,805	2,014	2,264
जापान	एमटी	2,775	5,822	3,841	5,689
अन्य देश	एमटी	2,622	9,830	8,471	12,042
कुल आयात	एमटी	10,521	20,509	18,458	28,259
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध देशों के आयात					
· कुल आयात	%	49%	23%	33%	37%
· खपत	%	6%	6%	8%	11%
· उत्पादन	%	6%	7%	8%	15%

53. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि थाईलैंड के आयातों में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है। हालांकि थाईलैंड से होने वाले आयात बढ़े हैं वहीं कोरिया की आयात मात्रा में कमी आई है।

54. अन्य देशों, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है, (बेलारूस और जापान), से आयातों में भी आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2010-11 और उसके पश्चात वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि एक नवीन स्रोत, मिस्र से आयातों में भी क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। प्राधिकारी ने मिस्र से हो रहे आयातों के संबद्ध में एक नई जांच की शुरूआत कर दी है। तथापि, प्राधिकारी ने इसको समस्त किए जाने के लिए घरेलू उद्योग से प्राप्त एक आवेदनपत्र, जिसमें यह कहा गया था कि मिस्र के एकमात्र उत्पादक ने अब उत्पादन करना समाप्त कर दिया है, को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी, 2015 को समाप्त कर दी है।

55. प्राधिकारी यह प्रतिपादित करते हैं कि थाईलैंड से आयातों की मात्रा पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद संपूर्ण क्षति अवधि में भारी वृद्धि हुई है।

पाटित आयातों का घरेलू उद्योग पर कीमत प्रभाव

56. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में नियमावली के अनुबंध-II (ii) में निम्नलिखित निर्धारण है :

"नियम 18 के उप-नियम (2) में यथाउल्लिखित कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में भारी कीमत अधोरदन हुआ है या क्या इन आयातों का प्रभाव कीमतों का भारी मात्रा में निग्रहण करना है अथवा कीमतों को बढ़ने से रोकना है, जिनमें अन्यथा भारी मात्रा में वृद्धि हुई होती।"

57. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत अधोविक्रयण, कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन, यदि कोई, के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की भारित औसत उत्पादन लागत, भारित औसत निवल बिक्री प्रापण (एनएसआर) और गैर-क्षतिकारी कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देशों से आयातों की उतराई लागत से की गई है।

कीमत अधोविक्रयण और कीमत अधोरदन

58. पाटित आयातों का कीमतों पर प्रभाव के संबंध में यह जांच की गई है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है या क्या इन आयातों का प्रभाव कीमतों का भारी मात्रा में निग्रह करना अथवा कीमतों को बढ़ने से रोकना है, जिनमें अन्यथा भारी मात्रा में वृद्धि हुई होती।

59. कीमत, अधोरदन का निर्धारण जांच की संपूर्ण अवधि के दौरान संबद्ध देशों से पाटित आयातों के भारित औसत उतराई मूल्य की तुलना उसी अवधि के लिए घरेलू उद्योग के भारित औसत निवल बिक्री प्रापण से करते हुए की गई है। इस उद्देश्य के लिए आयातों के उतराई मूल्य का परिकलन संबद्ध देशों से आयातों की कीमत के डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आंकड़ों में रिपोर्ट किए गए मूल्य पर लागू आधारभूत सीमा शुल्क और 1 प्रतिशत हैंडलिंग प्रभार जोड़कर किया गया है। घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा पेशकश की गई कमीशन, रिबेट और डिस्काउंट और प्रदत्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क पर रिबेट दी गई है।

60. कीमत अधोविक्रयण का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ संबद्ध देशों से भारित औसत उतराई कीमत की तुलना जांच की अवधि के दौरान निर्धारित घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत तथा क्षति अवधि के लिए उत्पादन लागत से की गई है।

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
बिक्री लागत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
निवल बिक्री प्रापण	रुपए/एमटी	***	***	***	***
उतराई मूल्य - थाईलैंड	रुपए/एमटी	***	***	***	***
उतराई मूल्य - कोरिया	रुपए/एमटी	***	***	***	***
कीमत अधोरदन – थाईलैंड	रुपए/एमटी	***	***	***	***
कीमत अधोरदन – कोरिया	रुपए/एमटी	***	***	***	***
कीमत अधोरदन – थाईलैंड	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन – कोरिया	%	***	***	***	***
कीमत अधोरदन – थाईलैंड	% रेंज				0-10
कीमत अधोरदन – कोरिया	% रेंज				5-15
गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/एमटी				***
कीमत अधोविक्रयण – थाईलैंड	रुपए/एमटी				***
कीमत अधोविक्रयण – कोरिया	रुपए/एमटी				***

कीमत अधोविक्रयण – थाईलैंड	%				***
कीमत अधोविक्रयण – कोरिया	%				***
कीमत अधोविक्रयण – थाईलैंड	% रेंज				0-10
कीमत अधोविक्रयण – कोरिया	% रेंज				5-15

61. इस संबंध में प्राधिकारी निम्नवत नोट करते हैं :

(क) प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत से कम है जिससे सकारात्मक कीमत अधोरदन हुआ है।

(ख) आयातों की उतराई कीमत तथा बिक्री लागत एवं गैर-क्षतिकारी कीमत के बीच की तुलना की गई है। यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से आयातों का उतराई मूल्य जांच की अवधि में बिक्री लागत और गैर-क्षतिकारी कीमत से की गई है।

62. इस प्रकार प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि संबद्ध देशों के आयातों के उतराई मूल्य से भारी मात्रा में कीमत अधोरदन और कीमत अधोविक्रयण हुआ है।

पाटित आयातों का कीमत निग्रहण ओर कीमत अवमंदन प्रभाव

63. पाटित आयातों के कीमत निग्रहण प्रभाव की जांच संबद्ध देशों के उतराई मूल्य और बिक्री लागत, निवल बिक्री प्रापण के संदर्भ में की गई है। यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि में आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों से कम है। इसके अतिरिक्त, उक्त अवधि में बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में वृद्धि हुई है, तथापि, बिक्री कीमत में हुई वृद्धि जांच की अवधि के दौरान बिक्री लागत में हुई वृद्धि की तुलना में अधिक है। इसके अतिरिक्त, उतराई कीमत में उस सीमा तक वृद्धि नहीं हुई जिस सीमा तक लागत में वृद्धि हुई है। इस प्रकार, आयात घरेलू बाजार में कीमतों का निग्रहण कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2011-12 और जांच की अवधि के बीच यद्यपि लागत और कीमत दोनों में गिरावट आई है तथा बिक्री कीमत में हुई गिरावट जांच की अवधि में उत्पादन लागत में आई गिरावट की तुलना में बहुत अधिक है।

64. याचिकाकर्ताओं ने यह दावा किया है मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में और यदि घरेलू उद्योग अपनी बिक्री आयात कीमतों पर करने का चयन करता है तो घरेलू उद्योग को भारी वित्तीय घाटा होगा। निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ भी ऋणात्मक हो जाएगा। यह निष्कर्ष निकला जाता है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से बाजार में कीमतों पर भारी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक प्राचलों की जांच

65. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति निर्धारण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्य परक जांच की जाएगी। इन आयातों के ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव के संबंध में नियमावली में पुन: यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक पैरामीटरों और सूचकांकों का उद्देश्यपरक एवं पक्षपात रहित मूल्यांकन शामिल होगा जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हैं, इनमें शामिल हैं बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ और क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि और पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं प्रसंभावित ऋणात्मक प्रभाव। घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच करने से यह व्यक्त होता है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। तथापि, वर्तमान जांच एक समीक्षा जांच होने के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति का आकलन यथावश्यक परिवर्तनों सहित आधार पर करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने यह जांच की गई है कि क्या मौजदा

उपाय उस पाटन का, जो क्षति कारित कर रहा है, प्रतिरोध करने के लिए पर्याप्त है। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न पैरामीटरों की जांच निम्नवत की गई है।

घरेलू उद्योग का उत्पादन और क्षमता उपयोग, बिक्री

66. सत्यापित आंकड़ों के आधार पर घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नलिखित है :

विवरण	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
संस्थापित क्षमता	एमटी	92,000	92,000	92,000	92,000
उत्पादन	एमटी	85,936	74,406	72,590	70,066
क्षमता उपयोग	%	93%	81%	79%	76%
बिक्री मात्रा	एमटी	74,020	58,995	60,561	64,425
मांग	एमटी	84,541	79,505	79,019	92,684

67. उपर्युक्त आंकड़ों के आधार पर प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि :

(क) क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में गिरावट जांच की अवधि में मांग में वृद्धि होने और क्षति अवधि के दौरान अच्छी मांग बने रहने के बावजूद हुई है।

(ख) इसके परिणामस्वरूप, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन में गिरावट आई है।

(ग) क्षति अवधि में क्षमता में कोई पारिवर्तन नहीं हुआ। घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है।

लाभप्रदायकता, निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ

68. घरेलू उद्योग के लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाह की जांच निम्नवत की गई है:

अवधि	मापन की इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
बिक्री लागत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*151*	*152*	*150*
बिक्री कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*137*	*132*	*130*
लाभ/हानि	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*57*	*25*	*24*
लाभ/हानि	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*46*	*20*	*21*
नकद लाभ	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*64*	*28*	*30*
निवेश पर प्रतिलाभ	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*52*	*34*	*41*

69. प्राधिकारी नोट करते हैं कि :

(क) क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

(ख) लाभप्रदता पर इस गिरावट का प्रभाव लाभ, नकद लाभ और निवेश पर प्रतिलाभ में गिरावट के रूप में प्रदर्शित हुआ है। क्षति अवधि के दौरान लाभ, नकद लाभ और निवेश पर प्रतिलाभ में भारी गिरावट आई है।

मालसूची

70. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर की जांच की है, जो अधोलिखित तालिका में दी गई है :

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
औसत स्टॉक (मात्रा)	एमटी	***	***	***	***

71. उपर्युक्त सूचना से यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की मालसूची में वर्ष 2011-12 तक वृद्धि हुई और फिर जांच की अवधि में इसमें गिरावट आई। तथापि, जांच की अवधि में मालसूची का स्तर आधार वर्ष की तुलना में अधिक था।

रोजगार और वेतन

72. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कर्मचारियों की संख्या में वर्ष 2011-12 में वृद्धि हुई और फिर जांच की अवधि में इसमें मामूली सी गिरावट आई। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा संदत्त वेतन में भी वृद्धि हुई है।

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
रोजगार	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*102*	*106*	*105*
वेतन	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*118*	*128*	*147*

उत्पादकता

73. घरेलू उद्योग की उत्पादकता का मापन श्रम उत्पादकता के रूप में किया गया है और प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उत्पादन में गिरावट के अनुरूप ही उत्पादकता में भी गिरावट आई है।

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*85*	*79*	*77*
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*87*	*84*	*82*

घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

74. संबद्ध देशों तथा अन्य देशों से आयात कीमतों, लागत ढांचे में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित करने वाले पाटित आयातों के अलावा अन्य कारकों पर विचार करने से यह स्पष्ट होता है कि संबद्ध देशों से आयातित माल का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से बहुत कम है जिससे भारतीय बाजार में गंभीर कीमत अधोरदन हो रहा है। भारतीय उत्पादकों की कीमतों का बेंचमार्क संबद्ध देशों सहित विभिन्न स्रोतों से आयात कीमतें हैं। इस उत्पाद का कोई अर्थक्षम प्रतिस्थानी नहीं है। यह भी नोट किया जाता है कि इस संबद्ध वस्तु की मांग में भारी वृद्धि प्रदर्शित हुई है और यह घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला एक कारक नहीं हो सकता है। अत:, घरेलू उद्योग की कीमतों के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारक आयातों के उतराई मूल्य और घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत है।

पाटन मार्जिन की मात्रा

75. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का पाटन सकारात्मक और पर्याप्त है।

वृद्धि

76. घरेलू उद्योग के विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों की जांच करने पर प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर घरेलू उद्योग को उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग और बाजार हिस्सा के रूप में विपरीत वृद्धि सहन करनी पड़ी है। लाभ, नकद लाभ, और निवेश पर प्रतिलाभ जैसे पैरामीटरों में भी गिरावट प्रदर्शित हुई है। उन कीमतों पर विचार करते हुए जिन पर संबद्ध देशों के निर्यातक भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु का पाटन कर रहे हैं; यह कहा जा सकता है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से पाटित आयातों की मात्रा में भारी वृद्धि होगी और उससे वृद्धि में अधिक कमी आएगी।

वृद्धि प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
उत्पादन	%	-	-13%	-2%	-3%
बिक्री मात्रा	%	-	-20%	3%	6%
बिक्री कीमत	%	-	37%	-3%	-1%
प्रति यूनिट लाभ	%	-	-43%	-57%	-4%
निवेश पर प्रतिलाभ	%	-	-18%	-7%	3%
क्षमता उपयोग	%	-	-13%	-2%	-3%
घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा	%	-	-13%	2%	-7%

पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता

77. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता एकल उत्पाद कंपनियां है। संबद्ध देशों तथा अन्य स्रोतों से पाटन ने याचिकाकर्ताओं को अपना उत्पादन कम करने के लिए विवश कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने यह दावा किया है कि इन हालातों में कोई नया निवेश करना अव्यवहार्य होगा।

क्षति का समग्र आकलन

78. उपर्युक्त जांच के आधार पर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस उत्पाद का पाटन जारी रहा और पाटन मार्जिन बहुत अधिक है; थाईलैंड से इस उत्पाद के आयातों में समग्र रूप से और भारत में इस उत्पाद के उत्पादन और खपत के संगत रूप से भारी वृद्धि हुई है; यह आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का कीमत अधोरदन कर रहे है; कीमत अधोविक्रयण बहुत अधिक एवं सकारात्मक है; आयातों ने बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का निग्रहण किया है। इस प्रकार, इस जांच से यह प्रदर्शित हुआ है कि पाटित आयातों में समग्र रूप से और भारत में इस उत्पाद के उत्पादन और उसकी खपत के संगत रूप से भारी वृद्धि हुई है। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है और इन आयातों के प्रभाव से कीमतों का भारी मात्रा में निग्रहण हुआ है तथा इसने कीमतों में वह वृद्धि होने से रोक दिया जो अन्यथा भारी मात्रा में हुई होती। घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में इस जांच से यह प्रदर्शित हुआ है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में मात्रा प्राचलों जैसे बाजार हिस्सा, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री के साथ-साथ कीमत पैरामीटरों जैसे लाभ, नकद लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ के रूप में भारी गिरावट आई है। अत:, इस जांच से यह स्पष्ट होता है कि घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हुई है।

कारणात्मक संबंध

79. पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी को, अन्य बातों के साथ-साथ, यह जांच करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों के अलावा कोई अन्य ऐसा कारक है जो, इसके साथ-साथ, घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहा हो, ताकि इन अन्य कारकों द्वारा कारित क्षति को पाटित आयातों पर उपरोपित न किया जा सके। इस संबंध में जो कारक संगत हैं उनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित कीमतों पर न बेचे गए आयातों की मात्रा और मूल्य, मांग में संकुचन और खपत के प्रतिमान में परिवर्तन, घरेलू और विदेशी उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा तथा व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं, प्रौद्योगिकी में विकास, निर्यात निष्पादन तथा घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं। यह जांच की गई कि क्या नियामवली के अंतर्गत सूचीबद्ध इन अन्य पैरामीटरों ने घरेलू उद्योग की क्षति में अपना योगदान दिया है।

क) अन्य देशों से आयात तथा अन्य ज्ञात कारक

80. जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों के अलावा जापान और बेलारूस से भी आयात हुआ है जिन पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है। इसके अतिरिक्त, इजिप्ट से भी कम कीमतों पर आयात हो रहा था और इस स्रोत से आयात की मात्रा न्यूनतम से अधिक थी। प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने इजिप्ट से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने के लिए एक जांच प्रारंभ की थी। तथापि, प्राधिकारी ने दिनांक 15 जनवरी, 2015 को मिस्र के विरूद्ध इस जांच को घरेलू उद्योग से इस जांच को वापस लिए जाने के अनुरोध के संबंध में एक पत्र प्राप्त होने पर समाप्त कर दिया जिसमें यह उल्लेख था कि मिस्र में एकमात्र उत्पादक ने अब अपना उत्पादन करना बंद कर दिया है। इन स्रोतों के अलावा, अन्य सभी देशों से आयात या तो नगण्य हैं या उच्च कीमतों पर हो रहे है।

ख) मांग में संकुचन

81. आंकड़ों से यह प्रदर्शित होता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में 2011-12 तक गिरावट आई थी और उसके बाद फिर जांच की अवधि में मांग में भारी वृद्धि हुई। इसलिए मांग में कमी को एक अन्य ऐसे कारक के रूप में नहीं माना जा सकता है जिसने घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित किया होगा।

ग) खपत के प्रतिमान में परिवर्तन

82. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि अन्य टेक्सटाइल फाइबरों ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित की होगी। तथापि, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस उत्पाद की मांग में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न टेक्सटाइल फाइबर भारतीय बाजार में न केवल क्षति अवधि के दौरान प्रतिस्पर्धा कर रहे थे बल्कि उनकी प्रतिस्पर्धा काफी समय से थी। इस प्रकार, यह वह मामला नहीं है जहां विचाराधीन उत्पाद की खपत के प्रतिमान में कोई परिवर्तन हुआ हो।

घ) विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं

83. संबद्ध वस्तु मुक्त रूप से आयात की जा सकती है। घरेलू बाजार में कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया प्राधिकारी के संज्ञान में नहीं आई है। घरेलू उत्पादक एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और साथ ही वे संबद्ध वस्तु का आयात भी कर रहे हैं। घरेलू उद्योग की कीमत संबद्ध वस्तु की उतराई कीमत से प्रभावित होती है। संबद्ध देशों से आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह दर्शाता है कि घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक बढ़ गई है/परिवर्तन आ गया है कि घरेलू उद्योग को इस परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण क्षति होने लगी हो।

ड.) प्रविधि में विकास

84. इस जांच से प्रतिविधि में ऐसा कोई भारी विकास प्रदर्शित नहीं हुआ है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति पहुंची हो।

च) घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात

85. याचिकाकर्ता इस विचाराधीन उत्पाद का निर्यात करते हैं। तथापि, क्षति का आकलन करने के लिए घरेलू बिक्रियों से संबंधित सूचना पर ही यथासंभव सीमा तक विचार किया गया है।

छ) उत्पादकता

86. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की उत्पादकता में घरेलू उद्योग के उत्पादन के अनुरूप ही गिरावट आई है। तथापि, उत्पादकता में यह परिवर्तन इतना अधिक नहीं हुआ है कि उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में इतना भारी परिवर्तन आ जाए। घरेलू उद्योग की उत्पादकता में परिवर्तन, घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति का एक कारक नहीं हो सकता है।

87. इसलिए प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि अन्य सूचीबद्ध और ज्ञात पैरामीटरों ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं की है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि कई अन्य ऐसे कारक हैं जिन्होंने घरेलू उद्योग को क्षतिकारित की है। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के इन तर्कों की जांच की है और यह पाया है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में यह गिरावट हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यथाउल्लिखित इन अन्य कारकों के कारण नहीं आई है।

छ) पाटन एवं क्षति की निरंतरता तथा पुनरावृत्ति की संभावना

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

88. यदि मौजूदा शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो पाटन होने और घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने तथा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना के अपने दावे के समर्थ में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(क) आयातों का पाटित कीमतों पर प्रवेश होना जारी रहा है।

(ख) थाईलैंड से आयातों की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

(ग) पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में वृद्धि होने की संभावना निम्नलिखित कारणों से है :

(i) संबद्ध देशों के निर्यातक कुल उत्पादन का लगभग 70-80 प्रतिशत तक निर्यात कर रहे है।

(ii) थाईलैंड से तृतीय देशों को निर्यात की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

(iii) क्षति अवधि के दौरान कोरिया से तृतीय देशों को आयात क्षति अवधि के दौरान बहुत अधिक रहा है।

(iv) संबद्ध देशों से तृतीय देशों को निर्यात मात्रा पर विचार करते हुए यह कहा जा सकता है कि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिए जाने की स्थिति में भारतीय बाजार में इन निर्यातों में वृद्धि होगी।

(घ) संबद्ध देशों के निर्यातकों की क्षमता उनकी गृह बाजार में घरेलू मांग तथा भारतीय मांग की तुलना में बहुत अधिक है।

(ङ) पिछले निर्णायक समीक्षा जांच में पाटन मार्जिन से इस तथ्य का स्पष्टीकरण होता है कि पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद भी पाटन में भारी वृद्धि हुई है।

(च) संबद्ध देशों से आयात की मात्रा बहुत अधिक है और उसमें निरंतर वृद्धि हो रही है तथा पाटन मार्जिन भी बहुत अधिक है।

(छ) आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। इसलिए, संबद्ध देशों के उत्पादक, पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में, भारतीय बाजार में आक्रामक रूप से अपना लक्ष्य बनाएंगे।

(ज) घरेलू उद्योग को मात्रा एवं कीमत पैरामीटरों के रूप में क्षति हो रही है। इसके अतिरिक्त, यदि पाटन जारी रहा तो संवर्धित क्षति से इन्कार नहीं किया जा सकता है और यदि वर्तमान शुल्क का समय नहीं बढ़ाया गया तो यह पाटन और अधिक बढ़ी हुई मात्रा में होगा।

हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

89. पाटन एवं क्षति की संभावना के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार निम्नलिखित है :

(क) इस समय प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के परिणामस्वरूप क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना के किसी दावे का मूल्यांकन विगत में क्या हुआ उन पर विचार करने के बजाय पुरोलक्षी संदर्भ में और उन बाजार परिस्थितियों के संदर्भ में किया जाना अपेक्षित है जिनके पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के पश्चात घटित होने की संभावना है।

(ख) घरेलू उद्योग ने प्रसंभाव्यता की जरूरत का अनुपालन नहीं किया है।

(ग) याचिकाकर्ता द्वारा किए गए दो दावे परस्पर विरोधी हैं क्योंकि एक समय पर किसी एक स्रोत से क्षति की निरंतरता बने रहने और उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना इस कारण से नहीं हो सकती है कि यदि उनको क्षति की निरंतरता बनी रहती है तो अभिगृहीत रूप से, उसकी पुनरावृत्ति किसी भी हाल में नहीं हो सकती है।

(घ) "परिणामी क्षति" के संबंध में आवेदकों द्वारा किए गए दावों के केवल अभिवचनों को प्राधिकारी द्वारा तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता है जब तक उसके संबंध में कोई अकाट्य साक्ष्य रिकार्ड में उपलब्ध नहीं करा दिया जाता है।

(ङ) थाई एक्रिलिक फाइबर संपूर्ण क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य करता रहा है और अतिरिक्त क्षमताएं बढ़ाने की उसकी कोई योजना नहीं है। इसके अतिरिक्त, यह तर्क दिया जाता है कि उनकी अन्य देशों में भी सुदृढ़ मौजूदगी है ओर ऐसी कोई संभावना नहीं है कि यदि पाटनरोधी शुल्क समाप्त कर दिया जाता है तो वे अपनी सप्लाई को भारतीय बाजारों में शिफ्ट करेंगे और यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो वे अपनी निर्यात कीमत और कम करेंगे।

प्राधिकारी द्वारा जांच

90. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में भविष्य में पाटन की निरंतरता बने रहने और उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है प्राधिकारी ने निर्यातक की बिक्री मात्रा और उसकी गृह बाजार और तृतीय देशों में निर्यात बाजार में कीमत की प्रवृत्ति की जांच की है। घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों पर भी विचार किया गया है।

91. वर्तमान जांच थाईलैंड और कोरिया आरपी से संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच है। नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी को यह निर्धारित करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटनरोधी शुल्क का सतत अधिरोपण करना अधिदिष्ट है। इसमें यह जांच करना भी अपेक्षित है कि क्या अधिरोपित शुल्क क्षतिकारी पाटन का उपशमन करने के अपने आशयित प्रयोजन को पूरा कर रहा है। वर्तमान जांच

में, चूंकि पाटित आयातों की निरंतरता बनी हुई है इसलिए प्राधिकारी को यह जांच करना अपेक्षित नहीं है कि क्या शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने से इस उत्पाद के पाटन की निरंतरता बने रहने की संभावना है। तथापि, इस तथ्य पर विचार करते हुए कि विगत की जांच में तथा वर्तमान जांच में किया गया पाटन मार्जिन बहुत अधिक है और यह कि जहां तक संबद्ध वस्तु की कीमत और मांग का संबंध है उसके लिए भारतीय बाजार में अनुकूल बाजार परिस्थितियां मौजूद हैं, इसलिए प्राधिकारी का यह विश्वास है कि यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो पाटन में और अधिक तीव्रता आ जाएगी। यह एक सच तथ्य है कि पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद संबद्ध देश भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु का पाअन अभी भी कर रहे हैं।

92. संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद क्षति अवधि के दौरान थाईलैंड से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है। थाईलैंड से आयातों की मौजूदा मात्रा स्वयं ही बहुत अधिक है जो यह दर्शाती है कि यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो घरेलू उद्योग को पाटन तथा उसके परिणामस्वरूप क्षति होने की संभावना है।

93. इस तर्क के संबंध में कि पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना का मूल्यांकन करना अभिलक्षी संदर्भ में होना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि का निर्धारण करना और पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ उस पर विचार करना निर्दिष्ट प्राधिकारी की एक सुस्थापित प्रक्रिया है। यह मूल्यांकन, भविष्य में पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में किसी संभावना के संबंध में होने पर, विगत आंकड़ों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी उन परिस्थितियों में जांच की अवधि के पश्चात की छह माह की अवधि पर विचार करता रहा है, जहां जांच की अवधि के दौरान आयात की मात्रा पर्याप्त नहीं है अथवा घरेलू उद्योग को क्षति कारित करने वाले पाटन को सिद्ध नहीं करती है।

94. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने प्रसंभाव्यता की अपेक्षा का पालन नहीं किया है; प्राधिकारी ने विभिन्न क्षति पैरामीटरों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद पाटन की निरंतरता बनी रही और उससे घरेलू उद्योग को क्षति कारित होती रही।

95. इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ता के दो दावे परस्पर विरोधाभाषी हैं कि एक ही स्रोत से एक ही समय पर क्षति की निरंतरता और उसकी पुनरावृत्ति दोनों इस कारण से नहीं हो सकते हैं; यदि उन्हें क्षति की निरंतरता बनी रही तो अभिगृहीत रूप से उस मामले में उसकी पुनरावृत्ति नहीं हो सकती है; यह नोट किया जाता है कि इस मामले में पाटन एवं क्षति दोनों की निरंतरता बनी रही है।

96. निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में कि "परिणामी क्षति" के दावों के संबंध में आवेदकों के केवल अभिकथनों को प्राधिकारी द्वारा तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता है तब तक उसके संबंध में कोई स्पष्ट एवं अकाट्य साक्ष्य प्राधिकारी को रिकार्ड में उपलब्ध नहीं करा दिया जाता है, प्राधिकारी ने विभिन्न क्षति पैरामीटरों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि जांच की अवधि में पाअन की निरंतरता बनी रही ओर उससे घरेलू उद्योग को क्षति कारित हुई है।

97. थाईलैंड से निर्यातक द्वारा किए गए इस तर्क के संबंध में उनकी अन्य देशों में सशक्त मौजूदगी है और यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो इन बाजारों में होने वाले प्रदाय को भारत की ओर अंतरित कर देने की कोई संभावना नहीं है और यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो भी वे अपनी निर्यात कीमतों में कमी नहीं करेंगे; प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटन एवं क्षति और पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना की जांच पूर्व निर्धारित क्षति अवधि के आधार पर की जाती है। प्राधिकारी ने विनिर्दिष्ट क्षति अवधि के लिए उपलब्ध सूचना के आधार पर संगत पैरामीटरों की जांच की है और वह यह नोट करते हैं कि पाटन एवं क्षति की निरंतरता रही और पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने की संभावना भी है। इसके अतिरिक्त, थाईलैंड से निर्यात की मौजूदा मात्रा यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त है कि पाटन एवं क्षति होने की संभावना है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में आयातों में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है।

98. थाईलैंड के निर्यातकों के इस तर्क के संबंध में कि वह पहले से ही अपनी संपूर्ण क्षमता से प्रचालन कर रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि थाईलैंड से भारत को निर्यात की मौजूदा मात्रा ही यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति एवं पाटन होने की संभावना बनी रहेगी।

99. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने पाटन एवं क्षति की संभावना के पहलू की भी जांच की है और यह उपपादित करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क के अभाव में घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने की संभावना है। निम्नलिखित विश्लेषण पुन: यह दर्शाता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो उससे पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने/उसका तीव्रीकरण होने की संभावना है।

(i) पाटन मार्जिन का मौजूदा एवं पिछला स्तर

100. पाटन मार्जिन का स्तर मूल जांच, मध्यावधि जांच और निर्णायक समीक्षा जांच के साथ-साथ वर्तमान जांच में भी बहुत अधिक है। घरेलू उद्योग के पास संपूर्ण मांग को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात पाटित कीमतों पर होना अभी भी बना हुआ है। कीमत अधोरदन और कीमत अधोविक्रयण के स्तर को ध्यान में रखते हुए इस बात की संभावना है कि यदि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो पाटित आयातों की मात्रा में और अधिक वृद्धि होगी।

(ii) भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता

101. वह कीमत जिस पर थाईलैंड तथा कोरिया आरपी से भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया जा रहा है, इस बात की संकेतक है कि पाटन की निरंतरता बनी रहेगी। उसका तीव्रीकरण होगा। भारत में मौजूदा उतराई कीमत पर, इस समय सकारात्मक कीमत अधोरदन है। अत:, पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में भारतीय कीमतें विदेशी उत्पादकों के लिए बहुत अधिक आकर्षक हो जाएगी और उससे भारत को पाटित आयातों के निर्यात में वृद्धि होगी और इस बात की सुदृढ़ संभावना है कि भारतीय उपभोक्ता संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के भारी पैमाने पर आयातों का आश्रय ग्रहण करेंगे।

(iii) संबद्ध देशों में उत्पादकों की निर्यातोन्मुखता

102. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि विदेशी उत्पादक/निर्यातक बहुत अधिक निर्यातोन्मुख हैं। कोरिया आरपी के मामले में कोरियाई उत्पादकों/निर्यातकों से कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ है और उपलब्ध सूचना यह दर्शाती है कि यद्यपि उसकी घरेलू बाजार में मांग बहुत कम है फिर भी कोरियाई उत्पादकों की क्षमता *** एमटी उत्पादन करने की थी। कोरियाई सीमा शुल्क आंकड़े यह दर्शाते हैं कि क्षति अवधि के दौरान कोरिया से इस क्षेत्र में *** एमटी का निर्यात हुआ। यह भी नोट किया जाता है कि यद्यपि कोरियाई सीमाशुल्क आंकड़े कोरिया आरपी से निरंतर एवं भारी निर्यात हुआ है तथापि भारतीय सीमा शुल्क आंकड़े कोरिया से आयात की बहुत कम मात्रा दर्शाते हैं। यदि कोरियाई सीमाशुल्क आंकड़ों पर विचार किया जाता है तो भारत को आयात की मात्रा बहुत अधिक है। इसके अतिरिक्त, यह नोट किया जाता है कि कोरियाई सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार कोरिया आरपी से चीन को होने वाले निर्यातों में जो वर्ष 2010 में *** एमटी थे गिरावट आई और यह निर्यात घटकर वर्ष 2012 में लगभग *** एमटी रह गए। यद्यपि ईरान, इंडोनेशिया जैसे कुछ अन्य देशों को निर्यातों में वृद्धि हुई है फिर वर्ष 2012 में निर्यातों की मात्रा वर्ष 2010 में हुए निर्यातों की मात्रा की तुलना में कम थी। किसी भी हाल में, कोरिया आरपी से होने वाले निर्यातों की मात्रा कोरिया आरपी की क्षमताओं की तुलना में बहुत कम है। भारत में इस संबद्ध वस्तु की उच्च मांग तथा अनुकूल बाजार परिस्थितियों और इन उत्पादकों की उच्च उत्पादन क्षमता तथा उनकी निर्यातोन्मुखता पर विचार करते हुए प्राधिकारी यह उपपादित करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में ऐसी संभावना है कि संबद्ध देशों के ये निर्यातक भारत को पाटित कीमतों पर अपने निर्यातों में वृद्धि करेंगे।

(iv) संबद्ध देशों में उच्च उत्पादन क्षमता

103. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि संबद्ध देशों के संबद्ध वस्तु के उत्पादकों की भारी उत्पादन क्षमता है। पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिए जाने पर और उनकी निर्यातोन्मुखता पर विचार करते हुए यह कहा जा सकता है कि संबद्ध देशों के उत्पादक इतने सक्षम हैं कि वे संबद्ध वस्तु के उत्पादन में लगे भारतीय विनिर्माण सेक्टर पर अपना आधिपत्य जमा कर सकते हैं।

(v) मूल जांच अवधि और उत्तरवर्ती जांच अवधि के बीच आयातों की मात्रा में भारी

104. विगत मामलों में और मौजूदा अवधि में रिपोर्ट की गई आयातों की मात्रा का विश्लेषण यह दर्शाता है कि पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद थाईलैंड से आयातों की मात्रा अधिक बनी रही। जब पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी के बावजूद भी थाईलैंड से आयात इतनी अधिक मात्रा में हुए है तो इस बात की पूरी संभावना है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में आयातों की मात्रा में वृद्धि अवश्य होगी। यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर निर्यातों की मात्रा में गिरावट आएगी।

(iv) भारतीय बाजार में संबद्ध देशों द्वारा धारित बाजार हिस्सा

105. मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद थाईलैंड से होने वाले आयात के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि हुई है। पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में इस मात्रा में उद्रेक होना अनिवार्य है।

106. उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी यह उपपादित करते हैं कि शुल्क का प्रतिसंहरण करने से संबद्ध देशों से इस उत्पाद की निरंतरता बने रहने और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति हाने की भारी संभावना है।

ज. क्षति मार्जिन और क्षति का परिमाण

107. घरेलू उद्योग के लागत आंकड़ों पर विचार करते हुए प्राधिकारी द्वारा घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित संबद्ध वस्तु की गैर-क्षतिकारी कीमत की तुलना क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए संबद्ध देशों के आयातों के उतराई मूल्य के साथ की गई, जो निम्नवत है :

क्षति मार्जिन	मापन की इकाई	मैसर्स थाई एक्रिलिक कंपनी लिमिटेड थाईलैंड	थाईलैंड के अन्य उत्पादक	कोरिया आरपी
गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***
उतराई मूल्य	रुपए/एमटी	***	***	***
क्षति मार्जिन	रुपए/एमटी	***	***	***
क्षति मार्जिन	यूएस डालर/ एमटी	***	***	***
क्षति मार्जिन	%	***	***	***
क्षति मार्जिन रेंज	%	0-10	15-25	5-15

108. प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षति मार्जिन बहुत अधिक है।

ड.) भारतीय उद्योग का हित तथा अन्य मुद्दे

109. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्रयोजन, सामान्यत:, पाटन की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं घरेलू उद्योग को कारित की जा रही क्षति का उपशमन करना है जिससे कि भारतीय बाजार में मुक्त और पक्षपात रहित प्रतिस्पर्धा पुन: स्थापित की जा सके जो देश के सामान्य हित में है। पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण संबद्ध देश से आयातों को किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं करेगा और इसलिए उपभोक्ताओं को इस उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी।

110. ऐसा माना जाता है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण संबद्ध वस्तु का प्रयोग करके विनिर्मित उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित करेगा और इसके परिणामस्वरूप इस उत्पाद की संगत प्रतिस्पर्धात्मता पर कुछ प्रभाव पर अवश्य पड़ेगा। तथापि, पाटनरोधी शुल्क द्वारा भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी, खासकर तब जब पाटनरोधी शुल्क का उद्ग्रहण घरेलू उद्योग को क्षति का प्रशमन करने के लिए आवश्यक राशि तक प्रतिबंधित हो। इसके विपरीत, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण पाटन की प्रक्रियाओं द्वारा अर्जित अनुचित लाभ दूर करेगा, घरेलू उद्योग के निष्पादन में आने वाली गिरावट को कम करेगा और संबद्ध वस्तु के उपभोक्ताओं को व्यापक विकल्प की उपलब्धता बनाए रखने में सहायता करेगा।

ट. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण

ट 1. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण

111. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि अधिकांश विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण पुनरावृत्तिकारी प्रवृत्ति के हैं और उनका प्रकटन विवरण में पहले से ही समाधन कर दिया गया। विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन पश्चात जो विवरण प्रस्तुतिकरण किया वह संक्षेप में निम्नलिखित है :

क. वर्तमान कार्रवाई में प्रकटन विवरण पर टिप्पणी करने के लिए केवल 3 दिनों का समय ही दिया गया, इसलिए इसमें कई ऐसे मुद्दे रह गए जिनका उचित ढंग से समाधान किया ही नहीं जा सका। अत: हम इस जांच की कार्रवाई के दौरान किए गए सभी प्रस्तुतिकरणों को पुन: दोहराते हैं और उन्हीं पर भरोसा करते हैं और उनको यहां संक्षिप्तता की दृष्टि से दोहराया नहीं गया है। इसके अतिरिक्त, उन्हीं को प्रकटन विवरण में हमारे प्रस्तुतिकरणों के भाग के रूप में माना जा सकता है।

ख. यह धारणा कि संबद्ध वस्तु के आयातों में थाईलैंड से पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण होने के बावजूद भारी वृद्धि हुई और इसलिए यह शुल्क बना रहना चाहिए समग्र रूप से भ्रामक है। यह इस कारण से हुआ कि प्राधिकारी इस तथ्य पर विचार नहीं कर सके कि इन आयातों में से अधिकांश आयात विदेश व्यापार नीति की शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत किए गए हैं जिनमें पाटनरोधी शुल्क अपरिणामी बना रहा।

ग. इसके अतिरिक्त, यह एक तथ्य है कि थाईलैंड से भारत में एक्रिलिक फाइबर के आयातों में वर्ष 2009 से 2013 तक की अवधि के दौरान भारी वृद्धि नहीं हुई।

घ. प्राधिकारी ने त्रुटिपूर्ण ढंग से यह नोट किया है कि इस विचाराधीन उत्पाद के दायरे का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा विगत जांचों में पहले ही कर दिया है जिनमें प्राधिकारी ने यह प्रतिपादित किया कि इस उत्पाद के दायरे से किसी भी स्पेशियलिटी फाइबर का अपवर्जन किया जाना अपेक्षित नहीं है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि प्रत्येक जांच में प्राधिकारी द्वारा इस तथ्य को स्वीकार किए जाने की जरूरत है कि क्या यह विचाराधीन उत्पाद सजातीय उत्पाद है या नहीं और यदि इस विचाराधीन उत्पाद की विभिन्न किस्में हैं, और उनमें में से कुछ किस्मों का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है तो उस किस्म को प्राधिकारी द्वारा जांच के दायरे और परिधि से अलग कर दिया जाना चाहिए। वर्तमान कार्रवाई में यह निसंदेह रूप से सिद्ध कर दिया जाना चाहिए। वर्तमान कार्रवाई में यह निसंदेह रूप से सिद्ध कर दिया गया है कि घरेलू उद्योग इन विशेषज्ञता फाइबरों का न तो आयात करता है और न ही उसके पास ऐसा करने की क्षमता है। घरेलू विनिर्माण एक्रिलिक फाइबर के कतिपय उन विशेषज्ञता प्रकारों का विनिर्माण नहीं करते हैं जिनकी भारतीय प्रयोक्ता उद्योग को जरूरत होती है। उदाहरणार्थ 2.0 डी और 1.5 डी ब्राइट और सेमी डल एंटी पाइलिंग टाव। फाइबर, 3.0 डी बाई-कम्पोनेंट कान्जुगेट टाव, 3.0

डी सुपर हाई श्रिंकेबल फाइबर जेल डायड फाइबर और टाव का विनिर्माण भारतीय एक्रिलिक फाइबर उत्पादकों द्वारा नहीं किया जा रहा है; जब कि भारत के उपभोक्ता उद्योग में इस उत्पाद की भारी मांग है।

ड. इसके अतिरिक्त, यह नोट किए जाने की आवश्यकता है कि भारत में एक्सलान टेक्नालोजी फाइबर की कमी है। पुन: यह दोहराया जाता है कि एंटी पाइलिंग फाइबर/टाव एक स्पेशल फाइबर है जो विनिर्मित परिधान को एंटी पाइलिंग अभिलक्षण प्रदान करता है, जिसके कारण कपड़े को बार-बार प्रयोग करने और धोने पर भी पिल फार्मेशन नहीं होता है। उपर्युक्त स्पेशियलिटी एक्रिलिक फाइबर्स का विनिर्माण एक्रिलिक फाइबर के किसी भी घरेलू विनिर्माता द्वारा नहीं किया जाता है। प्राधिकारी का ध्यान प्राधिकारी द्वारा अभी हाल के विगत में लिए गए निर्णय की ओर आकृष्ट किया जाता है। उदाहरण के लिए, चीन जनगण, जापान, कोरिया, यूरोपियन यूनियन, दक्षिण अफ्रीका, ताईवान, थाईलैंड और यूएसए के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कोल्ड रोल्ड स्टी फ्लैट आफ स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स; चीन जनगण में उदभवित अथवा वहां से निर्यातित ग्लास फाइबर और उससे बनी वस्तुओं के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच। उपर्युक्त तथ्यों और पूर्वोदाहरणों पर ध्यान देते हुए हमारे द्वारा पाटनरोधी शुल्क के दायरे में ऊपर उल्लिखित स्पेशियलिटी एक्रिलिक फाइबरों का समावेशन अयुक्तियुक्त एवं अप्रतिपाद्यनीय है।

च. प्रकटन विवरण में हमारे दावे पर थोड़ा सा विचार किया गया कि वर्ततान निर्णायक समीक्षा जांच में जांच की अवधि (जिसे एतद्वारा पीओआई कहा गया है) अप्रैल, 2012 से मार्च, 2013 है। यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि विधिक प्रावधान व्यादेश करते हैं कि इस निर्णाय समीक्षा कार्रवाई जांच की अवधि की समाप्ति उस अवधि में होनी चाहिए जो पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की तारीख से यथासंभव सर्वाधिक निकट हो। ऐसा प्राथमिकत: इसलिए होता है क्योंकि निर्णायक समीक्षा मामले में प्राधिकारी यह सुनिश्चयन करने के लिए वचनबद्ध होते हैं कि पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति कर दिए जाने की स्थिति में पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

छ. यह प्रस्तुत किया जाता है कि आवेदक ने अपने आवेदन पत्र के अगोपनीय पाठ में कई सूचनाओं को गोपनीय के रूप में रखा है जिसके लिए कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं दिया गया। केवल प्ररूपी औचित्य ही दिया गया है, जो गोपनीयता का दावा करने के लिए उचित या पर्याप्त औचित्य नहीं है।

थ. थाई एक्रिलिक फाइबर कंपनी के संबंध में पाटन का निर्धारण करते समय प्राधिकारी ने अपने विश्लेषण में इससे पहले निर्धारित सामान्य मूल्य एवं उसके विस्तृत कार्यकरण से अपने विचार कायम रखे हैं। थाई एक्रिलिक कंपनी के बारे में अपने पाटन के निर्धारण की संपूर्ण कार्यवाही का प्रकटन करने के बजाय प्राधिकारी ने केवल लाभप्रद बिक्रियों का ही प्रकटन किया है। यह सराहनीय है कि सामान्य मूल्य के कार्यकरण के विस्तृत एवं उचित विवरण के अभाव में हम उस पर अपनी टिप्पणी प्रदान करने में असमर्थ हैं कि क्या उसका सही-सही निर्धारण किया गया या नहीं।

झ. यह प्रस्तुत किया जाता है कि प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के एक संघटक द्वारा भारी लाभ अर्जित करने और दूसरे संघटक द्वारा घाटा उठाने से संबंधित कारणों का सुनिश्चयन करना चाहिए। इस विश्लेषण से प्राधिकारी घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई से संबंधित सही कारणों का पता लगेगा।

ञ. यह विवरण जिसका उल्लेख निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है, केवल एक्रिलिक फाइबर के व्यवसाय से संबंधित है। इसलिए प्राधिकारी का यह निष्कर्ष सकल रूप से गलत है कि घरेलू बाजार में इस विचाराधीन उत्पाद के प्रचालनों पर कथित पाटित आयातों द्वारा प्रभावित हुए हैं।

ट. घरेलू उद्योग का यह दावा कि संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों की भारी उत्पादन क्षमता है, इसका बड़ी सुदृढ़तापूर्वक तर्क दिया गया है क्योंकि टीएएफ अपनी पूर्णक्षमता से पहले से ही कार्य कर रहा है।

ठ. वार्षिक रिपोर्टों में असंख्य ऐसे संदर्भ हैं जिनमें यह इंगित किया गया कि एसीएन जैसे प्रमुख कच्चे माल के आयातों के कारण घरेलू उत्पादकों की उत्पादन लागत बहुत अधिक बढ़ गई।

ड आवेदकों ने यह माना है कि लागत ढांचे में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, पाटित आयातों के अलावा अन्य कारक भी घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

ढ. वर्धमान, जो एक्सलान टाइप के फाइबर का उत्पादन करता है, की लाभप्रदता विश्व में एक्रिलिक फाइबर का विनिर्माण करने वाले उद्योगों में सर्वाधिक है।

ण. यह माना गया है कि घरेलू उद्योग कम निष्पादन, यदि कोई, यूरो जोन संकट द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी, यूएसए में वित्तीय नीतियों की अनिश्चितता और उपभोक्ताओं द्वारा न्यूनतर खर्च किए जाने के कारण आई जिससे इस उद्योग की वृद्धि पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

त. प्राधिकारी को यह तथ्य नोट करना चाहिए कि वर्ष 2009-10 की अवधि एक्रिलिक फाइबर उद्योग के लिए अपवादिक रूप से स्वर्णिम वर्ष था और इसलिए एक्रिलिक फाइबर के अधिकांश उत्पादकों ने अच्छा निष्पादन किया। इसके अतिरिक्त, कृपया यह नोट करें कि पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण दिनांक 20.11.1008 को किया गया था और इसलिए संदर्भ का परिशुद्ध वर्ष 2008-09 होना चाहिए। इसलिए, प्राधिकारी वर्तमान कार्रवाई में "क्षति विश्लेषण" करने के लिए वर्ष 2009-10 के आंकड़ों का प्रयोग करते हैं तो विगत वर्षों की तुलना में भारतीय घरेलू उत्पादकों सहित एक्रिलिक फाइबर के सभी उत्पादकों का उत्पादन प्राकृतिक रूप से कम ही प्रदर्शित होगा।

थ. घरेलू उद्योग के निकृष्ट निष्पादन का वास्तविक कारण खासकर यूरोजोम और यूएसए में, वैश्विक आर्थिक माहौल में मंदी, एक्रिलोनाइट्राइल (एसीएन-प्रमुख कच्च माल) की कीमतों में भारी अस्थिरता के कारण हुए घाटे और आईएनआर की तुलना में यूएसडी में सुधार आदि है। इसलिए इस घाटे के लिए संबद्ध वसतु के निरंतर पाटन को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।

ट 2. घरेलू उद्योग द्वारा किया गया प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण

112. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि अधिकांश घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण पुनरावृत्तिकारी प्रवृत्ति के हैं और उनका प्रकटन विवरण में पहले से ही समाधन कर दिया गया। घरेलू उद्योग ने प्रकटन पश्चात जो विवरण प्रस्तुतिकरण किया वह संक्षेप में निम्नलिखित है :

पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद थाईलैंड से आयातों की मात्रा में वर्तमान क्षति अवधि में वृद्धि हुई है। तथापि, कोरिया आरपी से आयातों की मात्रा में गिरावट आई है।

(क) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों का पाटनरोधी शुल्क मौजूद होने के बावजूद पाटित कीमतों पर आगमन जारी रहा।

(ख) संबद्ध देशों से आयातों के उतराई मूल्य से भारी कीमत अधोरदन एवं कीमत अधोविक्रयण हुआ।

(ग) आयातों से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का निग्रहण हो रहा है।

(घ) कीमत निग्रहण से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई जिसमें घरेलू उद्योग को लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाह के संबंध में इसके निष्पादन में भारी गिरावट हुई है।

(ङ) यदि प्रभावी पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो कीमत निग्रहण से घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है।

(च) चूंकि इस विचाराधीन उत्पाद को विभिन्न सीमा-शुल्क वर्गीकरणों के अंतर्गत रिपोर्ट किया जाता है, इसलिए निर्दिष्ट प्राधिकारी शुल्क तालिका में यह विशेष रूप से उल्लेख कर सकते हैं कि इस विचाराधीन उत्पाद पर इन सीमा-शुल्क वर्गीकरणों जिनके अंतर्गत आयातकों द्वारा इस वस्तु की निकासी की जा रही है पर ध्यान दिए बिना ही शुल्क आकृष्ट होगा।

(छ) निर्दिष्ट प्राधिकारी एनआईपी के निर्धारण के संबंध में घरेलू उद्योग के निम्नलिखित संगत प्रस्तुतिकरणों पर विचार कर सकते हैं, जिसका क्षति मार्जिन और पाटन मार्जिन पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

(ज) ब्याज बाहक क्रेडिटर्स : प्राधिकारी की यह सुस्थापित परम्परा है कि वह कार्यशील पूंजी का निर्धारण करने के लिए मौजूदा देयताओं में ब्याज लगने वाले ऋणों का अपवर्जन कर दे। कच्चे माल की खरीद के लिए ब्याज लगने

वाले ऋण अल्पावधि ऋणों के अनुरूप ही हैं और वास्तव में उन पर ब्याज लागत आकृष्ट होती है। वर्तमान मामले में इंडियन क्रिलिक्स और पशुपति एक्रिलान ने अधिकांश कच्चे माल की खरीद ब्याज लगने वाले ऋणों का उपयोग करके किया। वर्तमान देयताओं की ऐसी राशि, इसलिए, वर्तमान देयता का अंग नहीं हो सकती है और उसे निवल नियत परिसंपत्तियों से कम नहीं किया जाना चाहिए।

(झ) बैंक धारणाधिकार के अंतर्गत नियत जमा : याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करते हैं कि बैंक में नियत जमा, जो जमा की प्रकृति के नहीं है और विनिर्माण प्रचालनों से नहीं जुड़े हैं, वे बैंकों में नियत जमा से भिन्न प्रकृति के हैं, जो इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन और उसकी बिक्री करने के लिए सांविधिक दायित्वों को पूरा करने के लिए अपेक्षित है। इसलिए उत्पादन क्रियाकलापों के लिए नियत जमा की अनुमति दी जानी चाहिए।

(ञ) यद्यपि, भारतीय सीमा शुल्क द्वारा यथा रिपोर्टित आंकड़े गिरावट दर्शाते हैं, कोरियाई सीमाशुल्क आंकड़ों द्वारा रिपोर्ट की गई निर्यात की मात्रा भारत को एक्रिलिक फाइबर के महत्वपूर्ण आयात दर्शाते हैं। याचिकाकर्ता प्राधिकारी यह रिपोर्ट करते हैं कि वे क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ कोरिया से भारत को पाटित आयातों की मात्रा का आकलन करते हुए करें।

(ट) इस उत्पाद की उत्पादन लागत में इनपुट लागत में परिवर्तन के कारण भारी परिवर्तन आया है। इसलिए इसको मापने की उपयुक्त फार्म निर्धारित मात्रा है।

